बुधवार, 16 अप्रैल 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 34 – 27 |
| आर्द्रता | 77% |
| सूर्योदयः 5:16 | सूर्यास्तः 17:57 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : आपके संघर्ष की साथी सिर्फ प्रेमिका होती है, पत्नी तो आपके कामयाबी का प्रमाण है।



प्रतिदिन 100 किलोमीटर राजमार्ग बनाने के लक्ष्य पर काम जारी: गडकरी –पृष्ठ 7


**RED-X**

B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# मुर्शिदाबाद हिंसा में बांग्लादेशी उपद्रवियों के हाथ होने का संदेह



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के विरुद्ध आंदोलन के कारण हाल ही में उत्पन्न हिंसा में बांग्लादेशी कट्टरपंथी 'शामिल' थे, जिन्हें कथित तौर पर एक राजनीतिक दल के स्थानीय नेताओं की मदद मिली थी। सूत्रों ने यह दावा किया है। सूत्रों ने एक खुफिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि बांग्लादेश स्थित दो कट्टरपंथी संगठनों- जमात-उल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के सदस्य कथित तौर पर मुर्शिदाबाद हिंसा में शामिल थे। इस हिंसा में तीन लोग मारे गए थे। सूत्रों ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि हिंसा बांग्लादेशी बदमाशों द्वारा की गई थी, जिन्हें कथित तौर पर एक राजनीतिक दल के स्थानीय नेताओं की मदद मिली थी। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय मुर्शिदाबाद की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है, जहां शांति बहाल करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य पुलिस के साथ केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है। सूत्रों ने बताया कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भी कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ न हो सके। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मुर्शिदाबाद जिले में बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के बाद 12 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के साथ डिजिटल तौर पर बैठक की थी। केंद्र ने अपनी बातचीत के दौरान राज्य सरकार से अन्य संवेदनशील जिलों पर कड़ी नजर रखने और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने को कहा।

### बंगाल मे हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में जांच को लेकर उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय में दायर दो याचिकाओं में नये वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध किया गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर क्षेत्र में वक्फ कानून से संबंधित हिंसा की ताजा घटनाएं 14 अप्रैल को हुईं। वहीं, पुलिस ने दावा किया है कि मुर्शिदाबाद में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में है, जहां पिछला दंगा हुआ था। वकील शशांक शेखर झा ने एक जनहित याचिका दायर करके शीर्ष अदालत से हिंसा के मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का अनुरोध किया। एक अन्य याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी ने दायर की और राज्य में हिंसा की जांच के लिए शीर्ष अदालत के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग गठित करने का अनुरोध किया। एक याचिका में लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के निर्देश के अलावा राज्य सरकार को हिंसा पर शीर्ष अदालत में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

## मुर्शिदाबाद हिंसा की जांच करेगा एनएचआरसी, 3 सप्ताह के भीतर सौंपेगा रिपोर्ट

**आयोग ने वक्फ अधिनियम के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा का लिया संज्ञान, जांच के लिए भेजेगा टीम**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मंगलवार को मुर्शिदाबाद में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा का संज्ञान लिया और कहा कि वह मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर जांच करने के लिए अपने जांच प्रभाग से एक टीम भेजेगा। एनएचआरसी ने कहा कि यह कार्रवाई उसके पास शिकायत दर्ज होने के बाद की गई है। आयोग ने कहा कि जांच रिपोर्ट तीन सप्ताह के भीतर प्रस्तुत की जानी चाहिए। यह शिकायत विभिन्न सोशल मीडिया समाचार लेखों से संबंधित है, जिनमें कानून के खिलाफ चल रहे विरोध के बीच दो नामित व्यक्तियों – पिता और पुत्र – की कथित हत्या को उजागर किया गया है। कार्यवाही के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए, एनएचआरसी के महानिदेशक (जांच) को मुर्शिदाबाद में मौके पर जांच करने के लिए आयोग के जांच प्रभाग से अधिकारियों/कर्मचारियों की एक टीम नियुक्त करने का निर्देश दिया जाता है। इसमें कहा गया है कि जांच रिपोर्ट तीन सप्ताह की अवधि के भीतर आयोग को सौंपी जानी चाहिए।

## शेयर बाजार में दो दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 18.42 लाख करोड़ रुपये बढ़ी




**नयी दिल्ली :** शेयर बाजार में दो कारोबारी सत्रों में आई जोरदार तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 18.42 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कुछ इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर शुल्क में छूट दिये जाने और वाहनों पर शुल्क की समीक्षा के संकेत के बाद वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच स्थानीय बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,577.63 यानी 2.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,734.89 अंक पर बंद हुआ। दो दिनों में मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,887.74 अंक चढ़ा है। इस तेजी के साथ, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 18,42,028.91 करोड़ रुपये उछलकर 4,12,24,362.13 करोड़ रुपये पहुंच गया।

## सोनिया, राहुल को एजेएल–वाईआई की 5,000 करोड़ रुपये संपत्ति का 'लाभकारी मालिक' पाया गया: ईडी



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में अपने आरोपपत्र में कहा है कि कांग्रेस नेताओं ने इसकी मूल कंपनी एजेएल की 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति 'हड़पने' के लिए 'आपराधिक साजिश' रची थी और इसके लिए उन्होंने 99 प्रतिशत शेयर महज 50 लाख रुपये में अपनी उस निजी कंपनी 'यंग इंडियन' को हस्तांतरित कर दिए, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी बहुलांश शेयरधारक हैं। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत दायर अभियोजन शिकायत में संघीय जांच एजेंसी ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को आरोपी संख्या एक और उनके बेटे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आरोपी संख्या दो बनाया है। नौ अप्रैल को दाखिल ईडी के आरोपपत्र में अन्य आरोपियों में कांग्रेस नेता सुमन दुबे और सैम पित्रोदा, दो कंपनियां यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड और (डोटेक्स मर्चेंडाइज के) सुनील भंडारी शामिल हैं। ईडी ने पीएमएलए की धाराओं 44 और 45 के तहत ''धनशोधन के अपराध को अंजाम देने'' के साथ ही धारा 70 (कंपनियों द्वारा अपराध) के तहत आरोपपत्र दाखिल किया है। ईडी ने पीएमएलए की धारा चार के तहत आरोपियों के लिए सजा की मांग की है। इस धारा के तहत सात साल तक जेल हो सकती है। अदालत ने मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को तय की है। यह संभवतः पहली बार है जब ईडी का धनशोधन मामला अधीनस्थ अदालत द्वारा एक निजी शिकायत का संज्ञान लेने और उसके बाद मुकदमा शुरू करने के लिए आरोपियों को समन जारी करने से उपजा है। एजेंसी आमतौर पर पीएमएलए के तहत, अधिनियम की अनुसूची ए और बी में सूचीबद्ध अपराध का संज्ञान लेती है। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ईडी ने इस मामले में 988 करोड़ रुपये ''अपराध से अर्जित आय'' और संबद्ध संपत्तियों का मौजूदा बाजार मूल्य 5,000 करोड़ रुपये बताया है। ईडी ने शनिवार को कहा था कि उसने 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है, जिन्हें उसने इस जांच के तहत कुर्क किया है। एजेएल 'नेशनल हेराल्ड' समाचार प्लेटफॉर्म का प्रकाशक है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। एजेंसी ने आरोपपत्र में कहा है कि दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडिस के खिलाफ कार्यवाही 'स्थगित' हो गई है और वह आगामी दिनों में एक पूरक आरोपपत्र भी दाखिल कर सकती है।

## सुप्रीम कोर्ट में आज होगी वक्फ कानून पर सुनवाई



**नई दिल्ली :** वक्फ कानून में बदलाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई सभी याचिकाओं पर बुधवार दोपहर दो बजे सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस संबंध में एक नोटिस जारी कर जानकारी दी है। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस में बताया कि 16 अप्रैल को दोपहर दो बजे मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। सुनवाई दोपहर 3:25 बजे तक चलेगी। इस दौरान वक्फ से संबंधित सभी मामले सुने जाएंगे। नोटिस में कहा गया, 16 अप्रैल को जस्टिस एम.एम. सुंदरेश अदालत में नहीं होंगे। इसलिए, अदालत नंबर 8 में जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच के लिए सूचीबद्ध मामले अब जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की बेंच सुनेगी। यह बेंच दोपहर 1 बजे तक बैठेगी। आंशिक रूप से सुने गए मामले और विशेष रूप से निर्देशित मामले इस बेंच द्वारा नहीं लिए जाएंगे। इसके अलावा दोपहर दो बजे से जस्टिस राजेश बिंदल अदालत नंबर 8 में सिंगल जज बेंच और चैंबर के मामलों को देखेंगे। इन मामलों की सूची अलग से जारी की गई है।

### भाजपा शासित छह राज्यों ने नये वक्फ कानून के समर्थन में उच्चतम न्यायालय का रुख किया

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित मध्यप्रदेश और असम सहित छह राज्यों ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता का समर्थन करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ नये वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता के खिलाफ दायर याचिकाओं पर संभवत: बुधवार को दोपहर दो बजे सुनवाई करेगी। इन याचिकाओं में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी की याचिका भी शामिल है। पीठ में न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन भी शामिल हैं। भाजपा शासित छह राज्यों – हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और असम – ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं जिनमें वक्फ (संशोधन) अधिनियम को रद्द किए जाने या इसमें परिवर्तन किए जाने की स्थिति में संभावित प्रशासनिक और कानूनी परिणामों को रेखांकित किया गया है।

## हरियाणा भूमि सौदा मामले में ईडी ने रॉबर्ट वाद्रा के बयान दर्ज किए



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2008 के हरियाणा भूमि सौदे से जुड़े धन शोधन मामले में मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बहनोई और कारोबारी रॉबर्ट वाद्रा के बयान दर्ज किए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी की पूछताछ को ''राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित'' बताते हुए वाद्रा ने कहा कि पहले भी ईडी उनसे (धन शोधन के अन्य मामलों में) घंटों पूछताछ कर चुकी है, हजारों पन्ने साझा किए हैं, लेकिन फिर भी एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है। मध्य दिल्ली के सुजान सिंह पार्क स्थित अपने आवास से वाद्रा (56) एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी मुख्यालय तक करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे। वह अपने वकील के साथ पूर्वाह्न 11 बजे ईडी कार्यालय में दाखिल हुए, जबकि उनकी सुरक्षा टीम बाहर ही रही। ईडी कार्यालय जाने के दौरान रास्ते में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, ''यह कुछ और नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित है। जब भी मैं अल्पसंख्यकों के लिए बोलता हूं तो वे मुझे रोकने की कोशिश करते हैं, हमें कुचलने की कोशिश करते हैं... उन्होंने संसद में राहुल (गांधी) को भी रोकने की की। यह एजेंसियों का दुरुपयोग है और यह राजनीतिक प्रतिशोध है।'' उन्होंने कहा कि वह पहले की तरह ही जांच एजेंसी के साथ सहयोग करेंगे।

## देश का निर्यात मार्च में 0.7 प्रतिशत बढ़कर 41.97 अरब डॉलर, व्यापार घाटा 21.54 अरब डॉलर पर



**नयी दिल्ली :** भारत का वस्तु निर्यात इस साल मार्च महीने में मामूली 0.7 प्रतिशत बढ़कर 41.97 अरब डॉलर रहा है। वहीं माह के दौरान व्यापार घाटा भी बढ़कर 21.54 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष मार्च महीने में आयात 11.3 प्रतिशत बढ़कर 63.51 अरब डॉल हो गया। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) में देश का निर्यात नाममात्र 0.08 प्रतिशत बढ़कर 437.42 अरब डॉलर रहा जबकि आयात 6.62 प्रतिशत बढ़कर 720.24 अरब डॉलर रहा। इससे व्यापार घाटा 282.82 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस साल फरवरी में व्यापार घाटा 14.05 अरब अमेरिकी डॉलर था। पिछले साल मार्च में निर्यात और आयात के बीच का अंतर 15.33 अरब अमेरिकी डॉलर था। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह 241.14 अरब अमेरिकी डॉलर था। देश का कुल वस्तु और सेवा निर्यात 2024-25 में 820.93 अरब डॉलर के 'रिकॉर्ड' स्तर तक पहुंचने का अनुमान है। यह 2023-24 की तुलना में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि है। उस दौरान यह 778.13 अरब डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष में सेवा निर्यात 383.51 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि 2023-24 में यह 341.06 अरब डॉलर रहा था। 2024-25 में आयात 194.95 अरब डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 178.31 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, 2024-25 में वस्तु निर्यात का आंकड़ा अबतक का सर्वाधिक है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि कुल निर्यात भी अबतक के 'उच्चतम' स्तर पर है।

## भारत ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर पाकिस्तान की टिप्पणियों को खारिज किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर पाकिस्तान की आलोचना को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि उसे दूसरों को उपदेश देने के बजाय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने के अपने ''बेहद खराब'' रिकॉर्ड को देखना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने वक्फ कानून पर पाकिस्तान की टिप्पणियों को ''निर-ाधार'' बताया और कहा कि पड़ोसी देश को भारत के आंतरिक मामले पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। जायसवाल ने कहा, ''हम भारत की संसद से पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर पाकिस्तान द्वारा किसी मकसद से प्रेरित और निराधार टिप्पणियों को सिरे से खारिज करते हैं।'' वह वक्फ संशोधन अधिनियम पर पाकिस्तान की ओर से की गई टिप्पणियों के संबंध में मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, ''भारत के आंतरिक मामले पर टिप्पणी करने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है।'' जायसवाल ने कहा, ''जब अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की बात आती है तो पाकिस्तान को दूसरों को उपदेश देने के बजाय अपने खुद के बेहद खराब रिकॉर्ड पर गौर करना चाहिए।'' पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने कथित तौर पर वक्फ अधिनियम को मुसलमानों को मस्जिदों और दरगाहों सहित उनकी संपत्तियों से बेदखल करने का प्रयास बताया था। अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कथित तौर पर आरोप लगाया, हमारा दृढ़ विश्वास है कि यह भारतीय मुसलमानों के धार्मिक और आर्थिक अधिकारों का उल्लंघन है। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस बात की गंभीर आशंका है कि यह (कानून) भारतीय मुसलमानों को और अधिक हाशिए पर धकेल देगा।''

## देश में प्रति दस लाख जनसंख्या पर केवल 15 न्यायाधीश: 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट'

**नयी दिल्ली :** देश में प्रति दस लाख आबादी पर केवल 15 न्यायाधीश हैं, जो विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से बहुत दूर है। मंगलवार को जारी 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट' 2025 में यह जानकारी सामने आई है। इसके ठीक विपरीत, जनवरी 2024 की न्यूयॉर्क टाइम्स समाचार पत्र की खबर के अनुसार, अमेरिका में प्रति 10 लाख की जनसंख्या पर 150 न्यायाधीश हैं। वहीं अक्टूबर 2024 की यूरोप परिषद की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में यूरोप में प्रति 10 लाख जनसंख्या पर औसतन 220 न्यायाधीश हैं। 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट' के मुताबिक, 1.4 अरब लोगों के लिए भारत में 21,285 न्यायाधीश हैं या प्रति दस लाख की आबादी पर लगभग 15 न्यायाधीश हैं।

# इस बार मानसून में देश में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना : आईएमडी



**नयी दिल्ली :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि आगामी दक्षिण-पश्चिम मानसून मौसम में भारत में सामान्य से अधिक वर्षा होने की उम्मीद है, जिससे फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद बढ़ गई है। आईएमडी ने कहा कि मानसून के दीर्घकालिक पूर्वानुमान के अनुसार, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर क्षेत्र के बड़े हिस्से में सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है, जबकि मराठवाड़ा और उससे सटे तेलंगाना के कम वर्षा वाले क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम रविचंद्रन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''भारत में चार महीने (जून से सितंबर) के मानसून के मौसम में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है तथा कुल वर्षा दीर्घावधि औसत 87 सेमी का 105 प्रतिशत (पांच प्रतिशत की मॉडल त्रुटि के साथ) रहने का अनुमान है।'' दक्षिण-पश्चिम मानसून एक जून से 30 सितंबर तक सक्रिय रहता है। उन्होंने कहा कि भारत में मानसून की वर्षा को प्रभावित करने वाले सभी महत्वपूर्ण कारकों में से दो का प्रभाव तटस्थ होगा, जबकि एक का इस वर्ष बारिश पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा, ''मानसून के दौरान सामान्य वर्षा की 30 प्रतिशत संभावना, सामान्य से अधिक वर्षा की 33 प्रतिशत संभावना तथा अत्यधिक वर्षा की 26 प्रतिशत संभावना है।'' आईएमडी के अनुसार, 50 वर्ष के औसत 87 सेंटीमीटर के 96 प्रतिशत से 104 प्रतिशत के बीच वर्षा को 'सामान्य' माना जाता है। दीर्घावधि औसत के 90 प्रतिशत से कम वर्षा को 'कम' माना जाता है, 90 प्रतिशत से 95 प्रतिशत के बीच को 'सामान्य से कम', 105 प्रतिशत से 110 प्रतिशत के बीच को 'सामान्य से अधिक' तथा 110 प्रतिशत से ज्यादा को 'अधिक' वर्षा माना जाता है। मानसून के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, तमिलनाडु, बिहार और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बड़े हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। ये देश के मुख्य मानसून क्षेत्र हैं जहां कृषि मुख्यतः वर्षा आधारित होती है।




## राजनीतिक मतभेद भुला प्राथमिकताएं तय हों

यह विडंबना ही है कि पंजाब में आसन्न चुनौतियों को नजरअदांज करके राजनीतिक लाभ के लिये गैरजरूरी गतिविधियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में मान सरकार द्वारा विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के खिलाफ मामला दर्ज करना, एक अनाश्यक राजनीतिक उकसावा ही कहा जाएगा। निश्चित रूप से यह प्रकरण एक अनुचित समय पर हुआ है। आज एक बार फिर पंजाब दोराहे पर खड़ा है, जहां उसे उन ताकतों का सामना करना पड़ रहा है, जिन्होंने अतीत में राज्य को भयावह संकट में धकेल कर अमन-शांति को ग्रहण लगाया था। इन ताकतों के खतरनाक मंसूबों को गंभीरता से महसूस किया जाना चाहिए। हाल के दिनों में ग्रेनेड हमलों की शृंखला शासन-प्रशासन के साथ आम लोगों को व्यथित किए हुए है। ऐसी किसी भी आतंकी गतिविधि के खिलाफ समय रहते सामूहिक संकल्प लेने की सख्त जरूरत है। इस वक्त पंजाब के राजनीतिक परिदृश्य में जिम्मेदार नेतृत्व की सख्त जरूरत है। यह समय नहीं है कि राजनीतिक लाभ-हानि के गणित को दृष्टिगत रखकर एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ दिखाई जाए। यदि पंजाब में सिर उठा रही आतंकवाद की नई चुनौती के खतरे को गंभीरता से लेने की बजाय, अभद्र भाषा की टिप्पणियों को प्राथमिकता दी जाएगी तो राज्य का बहुत कुछ दांव पर लगेगा। इससे भी बड़ी विडंबना यह है कि इस राजनीतिक विवाद में पुलिस को घसीटा जा रहा है। ऐसे चुनौती वाले समय में जब पुलिस का मनोबल बढ़ाकर उसकी पूरी ऊर्जा उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई पर केंद्रित करने की जरूरत है, जो राज्य को फिर से अतीत के उस काले दौर की ओर धकेलने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे उबरने में पंजाब के लोगों ने भारी कीमत चुकाई थी। कोई नहीं चाहेगा कि राज्य को फिर उस भयावह दौर से गुजरना पड़े। इसमें दो राय नहीं कि पंजाब के समक्ष मौजूदा चुनौतियों और हिंसक अतीत को दृष्टिगत रखते हुए राजनीति प्रतिष्ठानों से संवेदनशील मामलों में संयमित और सावधान प्रतिक्रिया की उम्मीद की जा सकती है।

लेकिन विडंबना है कि नये सिरे से पंजाब की शांति को भंग करने की कुत्सित कोशिशों के प्रति राजनीतिक दलों द्वारा गंभीर प्रतिसाद नहीं दिया जा रहा है। हाल के दिनों में राज्य में सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की सतही बयानबाजी से तो ऐसा नहीं लगता है कि राजनेताओं द्वारा चुनौतीपूर्ण स्थितियों में परिपक्वता का व्यवहार किया जा रहा हो। सवाल है कि क्या कांग्रेस नेता बाजवा को अपने बयानों को अभिव्यक्त करने में अधिक सावधान नहीं रहना चाहिए था? निस्संदेह, उन्हें गंभीरता व परिपक्वता का परिचय देना चाहिए था। सवाल यह भी है कि उनके बयानों के जबाव में क्या सरकार की ओर से मामला दर्ज किया जाना चाहिए था? निश्चित रूप से नहीं दर्ज किया जाना चाहिए था। सत्तापक्ष और विपक्ष की कार-गुजारियों को देखकर निष्कर्ष निकालना कठिन नहीं है कि दोनों की तरफ से मौजूदा परिदृश्य में प्राथमिकताएं निर्धारित करने में गलती की जा रही है। यानी बयानबाजी व कार्रवाई में संकीर्ण राजनीतिक हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे उन तत्वों को शह मिलती है जो पंजाब के अमन-चैन को ग्रहण लगाना चाहते हैं। वक्त की मांग है कि पंजाब के दूरगामी हितों से जुड़े गंभीर मुद्दों को राजनीतिक चश्मे से ही कदापि नहीं देखा जाना चाहिए। राज्य के हित निश्चित रूप से राजनीति से ऊपर उठकर होने चाहिए। निस्संदेह, यदि राज्य सरकार की कारगुजारियों में नीतिगत खामियां हैं, तो विपक्ष को उन्हें सूचीबद्ध करके उजागर जरूर करना चाहिए। लेकिन आतंकवाद के खिलाफ किसी भी लड़ाई का एक स्वर में समर्थन किया जाना चाहिए। यदि जरूरत महसूस होती है तो आम आदमी पार्टी सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलाने पर भी विचार करना चाहिए। इस मामले में तथ्यात्मक स्थिति को तो उजागर करना ही चाहिए, जिससे इससे जुड़ी किसी आशंका को दूर किया जा सके। निश्चित रूप से किसी आसन्न खतरे को महसूस करके उसके खिलाफ एकीकृत प्रतिक्रिया से जहां राज्य विरोधी तत्वों का मनोबल गिरेगा, वहीं आम लोगों की आशंकाओं को भी दूर किया जा सकेगा। निश्चित रूप से आगे की राह कठिन है, लेकिन उसका मुकाबला व्यक्तिगत अहंकार व राजनीतिक स्वार्थों को त्यागने से होगा।

# अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा



ललित गर्ग

बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषतः किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है।

यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्की से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है। हमलावरों को ट्रेनिंग दी गई और इनाम की व्यवस्था भी की गई थी। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी एवं नेता बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है।

वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया। बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ताजा हिंसक हालातों में राज्य सरकार और उसके नेता यह झूठ देश के गले में उतारने में लगे हुए हैं कि बंगाल में स्थितियां नियंत्रण में हैं। यह कैसा नियंत्रण है? यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा दोगलापन है? जिसमें एक समुदाय खुलेआम दूसरे समुदाय को निशाना बना रहा है। खु-लेआम सार्वजनिक मंचों पर राष्ट्र-विरोधी विचारों का जहर घोला जा रहा है।

वक्फ कानून में संशोधन का विरोध विडम्बनापूर्ण होने के साथ देश में अराजकता फैलाने का माध्यम बना हुआ है। वक्फ कानून में संशोधन के तहत किसी मस्जिद, मदरसे आदि को लेकर किसी भी तरह के नुकसान, कब्जा करने या दखल की बात नहीं कही गयी है। इसके विरोधी चाहे जो तर्क दें, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए थे और सरकारी-निजी जमीनों पर मनमाने तरीके से दावा कर दिया करते थे। उनकी इस मनमानी का शिकार अनेक मुस्लिम भी थे। क्या वक्फ कानून के विरोधी यह बताने की स्थिति में हैं कि वक्फ बोर्डों ने अभी तक कितने गरीब मुसलमानों की सहायता की? यह पहली बार नहीं है, जब किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उपद्रव, हिंसा, आगजनी की जा रही हो। इसके पहले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ भी ऐसा ही किया गया था। तब यह झूठ फैलाया जा रहा था कि इस कानून के जरिये मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। अब यह झूठ फैलाया जा रहा है कि नए वक्फ कानून के जरिये सरकार मस्जिदों और कब्रिस्तानों पर कब्जा करना चाहती है। यह निरा झूठ और शरारत ही है। वक्फ कानून के विरोधी भले ही लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रहे हों, लेकिन ये उसकी धज्जियां ही उड़ा रहे हैं। वे वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा करने के लिए तैयार नहीं।

मुर्शिदाबाद हिंसा के जरिए पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था, इसके जरिए बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गई थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचाएगा। इसके साथ ही इनाम देने को लेकर योजनाएं बनाई गयी। हिंसा के दौरान इस बात का खास ध्यान देने का अलर्ट किया गया कि रेल और नॉर्मल ट्रांसपोर्ट न चल पाए। मौका मिलने पर हिंदुओं की हत्या करना भी टारगेट था। कुछ हिन्दुओं को मारा भी गया है। हिंदुओं के घरों के साथ मंदिरों पर हमले किए गए, घर जलाए गए, आजीविका नष्ट की गई, बलात्कार की धमकियां दी गयी, उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि नए वक्फ कानून का विरोध करने वाले न केवल सांप्रदायिक घृणा में डूबे हैं, अराजकता एवं उन्माद पर सवार है, आतंकी माहौल बनाकर हिन्दुओं को भयभीय-आतंकित करना चाहते है। क्योंकि उन्हें यह भरोसा है कि ममता बनर्जी की सरकार और उनकी पुलिस उनके खिलाफ कुछ नहीं करने वाली। ज्यादा चिन्ताजनक तो यह है कि अराजक लोग चाहते हैं पलायन करने के लिए मजबूर लोग फिर कभी अपने घरों को न लौट पाएं। इन जटिल एवं अनियंत्रित होते अराजक हालातों में शांति, सौहार्द एवं सामान्य हालातों को निर्मित करने के लिये आवश्यक है कि केंद्र सरकार बंगाल में हस्तक्षेप करने के लिए आगे आए, बल्कि यह भी अपेक्षित है कि सुप्रीम कोर्ट वहां के हालात का स्वतः संज्ञान ले। उसे वक्फ कानून विरोधी हिंसक तत्वों के उपद्रव के लिए ममता सरकार को जवाबदेह बनाना ही होगा।

ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। ममता अपने बलबूते चुनाव जीतने का माद्दा रखती है तो फिर हिंसा का सहारा क्यों लेती है? अराजकता फैलाकर अपने ही शासन को क्यों दागदार बनाती है? क्यों अपने प्रांत की जनता को डराती है, भयभीत करती है? क्या ये प्रश्न ममता की राजनीतिक छवि पर दाग नहीं है? ममता एवं तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। ताजा हिंसक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। राज्य में शीर्ष संवैधानिक पद पर रहते हुए भी ममता बनर्जी ने अलोकतांत्रिक, गैर-कानूनी एवं राष्ट्र-विरोधी कार्यों को अंजाम दिया है। बंगाल में तो भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता के जबड़े फैलाए, हिंसा की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगल रहा है। ममता अपनी जातियों, ग्रुपों और वोट बैंक को मजबूत कर रही हैं-- देश को नहीं।

# खतरनाक है एंटीबायोटिक दवाओं का बेज़ा इस्तेमाल



बाल मुकुन्द ओझा



एंटीबायोटिक दवाओं के एक नये खुलासे से देश और दुनिया सकते में है। एक वैश्विक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है, बिना चिकित्सक की सलाह से लोग अपनी मन मर्जी से एंटीबायोटिक दवाएं ले रहे हैं, जिसके कारण एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस तेजी के साथ बढ़ने के साथ सेहत को खतरा उत्पन्न हो रहा है। इसके दुष्परिणाम सामने आ रहे है। ऑस्ट्रिया के विएना में ईएससीएमआईडीग्लोबल 2025 में प्रस्तुत किए गए शोध में खुलासा किया गया है कि दुनिया भर में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस से 30 लाख से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी है। शोध में दक्षिण पूर्व एशिया और अफ्रीका जैसे देशों में तेजी से बढ़ती एंटीबायोटिक दवाओं की खपत पर भी चिंता जताई गई है। शोध में बताया गया कि दक्षिण पूर्व एशिया और अफ्रीका में 2019 और 2021 के बीच एंटीबायोटिक दवाओं की खपत बहुत तेजी से बढ़ी है। इस अवधि में दक्षिण पूर्व एशिया में 160 प्रतिशत और अफ्रीका में 126 प्रतिशत तक बढ़ा है। जबकि रिजर्व एंटीबायोटिक दवाओं की खपत दक्षिण पूर्व एशिया में 45 प्रतिशत और अफ्रीका में 125 प्रतिशत तक बढ़ी है। एंटीबायोटिक दवाओं की इतनी खपत बढ़ना गहन चिंता का विषय है।

आजकल एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल ज्यादा बढ़ रहा है। रोजाना की दौड़ती-भागती जिंदगी में लोग सरदर्द, पेटदर्द, सर्दी, खांसी या बुखार होने पर एंटीबायोटिक दवा ले लेते हैं। बहुत से लोग बिना किसी डॉक्टर की सलाह के भी इनका इस्तेमाल करने लगे हैं। यह सेहत के लिए नुकसानदायक है। एंटीबायोटिक दवाओं का अंधाधुंध उपयोग किस प्रकार हमारे स्वास्थ्य को हानि पहुंचता है इसकी एक भयावह जानकारी हमारे सामने आयी है। एक रिसर्च में बताया गया है कि सबसे ज्यादा एजिथ्रोमाइसिन दवा का उपयोग किया गया। ये 500 एमजी की एक टैबलेट होती है, जो एंटीबायोटिक का काम करती है। हमारे देश में करीब 8 प्रतिशत लोगों ने इस दवा का सेवन किया था। एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में एंटीबायोटिक का सेवन हर दशक में 30 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

असल में एंटीबायोटिक दवाइयां हमारे देश में लगभग हर मेडिकल स्टोर पर बिकने वाली आम दवाओं में से एक हैं। हालाँकि यह दवा डॉक्टरी पर्चे पर दी जानी चाहिए मगर देखा गया है दुकानदार इसे बिना समुचित पर्ची के लोगों को दे देते है। हमारे देश में लोग मामूली बीमारियों के इलाज के लिए डॉक्टर के पास नहीं जाते। वे केमिस्ट से दवाई ले लेते हैं। कुछ लोग कई दवाओं के बारे में जानते हैं कि ये किस बीमारी को ठीक करती है और उसी हिसाब से दवाई ले लेते हैं। लेकिन उन्हें इन दवाइयों के साइड इफेक्ट के बारे में पता नहीं होता। बिना डॉक्टर की सलाह के ये दवाइयां जरूरत से ज्यादा लेने के बाद ये शरीर में रेसिस्टेंस यानी प्रतिरोध पैदा कर लेती हैं। इसके बाद इनका कोई असर नहीं होता।

इससे पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध इस्तेमाल पर चेतावनी जारी की थी। एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के रिसर्च के मुताबिक एंटीबायोटिक के ज्यादा इस्तेमाल से 'एंटी माइक्रो-बियल रेजिस्टेंस' का रिस्क बढ़ रहा है। जो वाकई में किसी महामारी से भी बड़ा खतरा है। एंटी माइक्रो-बियल रेजिस्टेंस' से दुनिया में हर साल 50 लाख लोगों की मौत हो जाती है। यही हाल रहा तो साल 2050 तक मौत का आंकड़ा करोड़ों के पार चला जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के हाल के एक अध्ययन में पता चला है कि कोविड महामारी के दौरान लोगों को इतनी ज्यादा एंटीबायोटिक दवाएं खिलाई गईं कि उससे एंटीमाइक्रोबियल और एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस और ज्यादा बढ़ गया है। संगठन के मुताबिक महामारी के दौरान जितने लोगों को कोविड हुआ, उनमें से महज 8 प्रतिशत लोगों को एंटीबायोटिक दवाओं की जरूरत थी, लेकिन डर का माहौल इतना था कि सारे लोगों को बहुत ज्यादा मात्रा में यह दवाएं दी गईं। तकरीबन 75 प्रतिशत लोगों ने पैंडेमिक के दौरान एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन किया। भारत में कोविड के दौरान लोग सिर्फ डॉक्टरी सलाह पर ही नहीं, बल्कि थोड़ी भी सर्दी-खांसी होने पर खुद ही मेडिकल स्टोर से खरीदकर एंटीबायोटिक दवाइयां खा रहे थे। इन सबका नतीजा ये हुआ है कि सुपरबग में दवाइयों के प्रति एक रेजिस्टेंस डेवलप हो गया है। यह समस्या कोविड के पहले भी गंभीर थी, लेकिन अब और ज्यादा हो गई है।

## विदेश की खबरें

### लंदन में प्रतिष्ठित भारतीय रेस्तरां पर बंद होने का खतरा मंडरा रहा

**लंदन :** ब्रिटेन के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित भारतीय रेस्तरां में शामिल 'वीरास्वामी' पट्टे के विस्तार को लेकर कानूनी लड़ाई में उलझा हुआ है, जिससे उसके मध्य लंदन के प्रतिष्ठित रीजेंट स्ट्रीट इलाके में उस परिसर को गंवाने का खतरा मंडरा रहा है, जहां वह लगभग 100 वर्षों से अपने ग्राहकों को उनके पसंदीदा व्यंजन परोस रहा है। 'वीरास्वामी' एक मिशेलिन-स्टार रेस्तरां है, जिसकी स्थापना अप्रैल 1926 में 'विक्टरी हाउस' इमारत में की गई थी। हालांकि, 'विक्टरी हाउस' के मलिकाना हक वाले 'द क्राउन स्टेट' इमारत में बड़े पैमाने पर मरम्मत, साज-सज्जा एवं नवीनीकरण कार्य करवाने जा रहा है, जिसके मद्देनजर उसने रेस्तरां के पट्टे की अवधि नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। 'वीरास्वामी' के पट्टे की अवधि जून में खत्म होने वाली है। रेस्तरां के स्वामित्व वाली कंपनी 'एमडब्ल्यू ईट' ने अपने संरक्षित किरायेदारी अधिकार के तहत पट्टे के नवीनीकरण के लिए अदालत का रुख किया है। 'एमडब्ल्यू ईट' के निदेशक रणजीत मथरानी ने कहा, वीरास्वामी सिर्फ एक प्रतिष्ठान नहीं, बल्कि एक जीवंत स्थान है, जो लंदन के मौजूदा पाक-कला परिदृश्य का एक अभिन्न हिस्सा है। ब्रिटेन की दिवंगत महारानी (एलिजाबेथ द्वितीय), राजकुमारी ऐनी और अन्य विदेशी शाही हस्तियां हमारे रेस्तरां में आ चुकी हैं। उन्होंने कहा, द क्राउन एस्टेट ने हमारे पट्टे की अवधि 24 जून के बाद बढ़ाने से इनकार कर दिया है और हमसे भूतल और पहली मंजिल पर स्थित हमारे रेस्तरां के परिसर को खाली करने को कहा है, ताकि वह वहां साज-सज्जा कार्य करवा सके। मथरानी ने कहा कि 'एमडब्ल्यू ईट' ने 'द क्राउन एस्टेट' के सामने ऐसे विकल्प पेश किए हैं, जिससे रेस्तरां का संचालन उसके ऐतिहासिक परिसर से जारी रखा जा सकेगा।

### अदालत ने भ्रष्टाचार के आरोपों में हसीना और उनके बेटे के खिलाफ नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया

**ढाका :** बांग्लादेश की एक अदालत ने मंगलवार को राजधानी के बाहरी इलाके में आवासीय भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं से संबंधित दो मामलों में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनके बेटे सजीब वाजेद और 16 अन्य के खिलाफ नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अदालत के एक अधिकारी ने कहा, ''ढाका मेट्रोपॉलिटन वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश की अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के आरोपपत्रों को ध्यान में रखते हुए पूर्वाचल न्यू टाउन में भूखंड आवंटन में अनियमितताओं के दो मामलों में वारंट जारी किए हैं।'' अभियोजन पक्ष के वकील के अनुसार, अधिकतर आरोपी सरकारी अधिकारी थे। अदालत ने पुलिस को आदेश दिया कि यदि स्व-निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तो 29 अप्रैल को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### भारत-सिंगापुर संबंधों में एनयूएस महत्वपूर्ण हितधारक : भारतीय राजदूत

**सिंगापुर :** सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने सोमवार को डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की जयंती पर आयोजित समारोह के दौरान कहा कि नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) भारत-सिंगापुर संबंधों में एक महत्वपूर्ण हितधारक है और द्विपक्षीय संबंधों में आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में भारत के लिए एक मूल्यवान साझेदार है। एनयूएस के छात्रों और शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए राजदूत ने कहा, ''भारत-सिंगापुर संबंधों में एनयूएस एक महत्वपूर्ण हितधारक है और द्विपक्षीय संबंधों में आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में हमारे लिए एक मूल्यवान भागीदार है। हमें खुशी है कि इस आयोजन के लिए एनयूएस के साथ काम करने का अवसर मिला।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 16 मार्च, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष तृतीया, 13:16 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 29:49 तक, योग : व्यतिपाता, 24:11 तक, सूर्योदयः 5:16, सूर्यास्तः 17:56, चन्द्रोदय : 20:58, चन्द्रास्तः 06:59, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 11:36 से 13:10

## राशिफल

**मेष :** आज शारीरिक कष्ट से राहत मिल सकती है। किसी काम में बेहद बिजी रहेंगे। परिवारिक विवाद के चलते तनाव होने की संभावना है। आपको अचानक लाभ हो सकता है।

**वृष :** अपने किसी करीबी के साथ आज यात्रा पर जाने का प्लान बना सकते हैं। जीवनसाथी की वजह से आपको लाभ होगा। प्रेमी प्रपोज कर सकते हैं। प्यार का इजहार रोमांटिक रहेगा।

**मिथुन :** आज किसी कष्ट का सामना कर सकते हैं। लेनदेन के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है। पारिवारिक लोगों से मुलाकात होगी। लवर को अच्छी खबर मिल सकती है।

**कर्क :** आज का दिन सामान्य रहेगा। घर परिवार के काम में बिजी रहेंगे। सरकारी दफ्तर में लंबित कार्य पूरा हो सकता है। शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

**सिंह :** छोटी से बात पर रूठ सकते हैं। घर में कलह क्लेश के संभावना है। सोचे हुए काम पूरे होंगे। नौकरी के लिए इंटरव्यू दिला सकते हैं। युवा वर्ग का करियर आगे बढ़ें।

**कन्या :** आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। गृहस्थ जीवन की परेशानियों के लेकर परिवार से बात करेंगे। आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत होने से प्रसन्न रहेंगे।

**तुला :** आज का दिन मिश्रित फलदायक रहने वाला है। कारोबार को लेकर नई प्लानिंग कर सकते हैं। सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी योजना का लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक :** आज कार्यक्षेत्र में चल रही समस्या समाप्त होगी। रूके हुए कामों को फिर से शुरू हो सकते हैं। आज अपने अन्य साथियों के सहयोग की आवश्यकता हो सकती है।

**धनु :** आज कारोबार के बिगड़े हुए हालात को संभाल लेंगे। रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। अजनबियों की वजह से गंभीर संकट में फंस सकते हैं।

**मकर :** समस्याएं समाप्त होंगी। शांति का अनुभव करेंगे। कार्य क्षेत्र में आज आपके सभी रुके हुए काम आसानी बन सकते हैं। खेलकूद के क्षेत्र में कामयाब रहेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन बेहतर रहेगा। किसी अनजान पर भरोसा करने से बचना होगा नौकरी में कार्यरत लोगों को मान सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी।

**मीन :** आज परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आयात-निर्यात का विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलने की संभावना है। कारोबार के अवरोध दूर होंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3064

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | 6 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 7 | | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ |
| 10 | ■ | 11 | | ■ | 12 | | | ■ | 13 |
| 14 | 15 | | | ■ | | ■ | 16 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 17 | | | | ■ | ■ |
| 18 | | 19 | | | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | | ■ | 22 | | 23 | ■ | | ■ |
| | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) समझौता, 4) हौसला; सांत्वना, 6) न्यायालय में अर्ज़ीनामा; *पैटीशन,* 7) ठीकठाक; सकुशल, 9) फबना, 11) विवाहकांक्षी; दूल्हा, 12) पत्थर की कुँड़ी, 14) लेटना; फैलना, 16) एक जंगली पशु, 17) वास्तव में, 18) एक जगप्रसिद्ध स्मारक, 20) फ़र्ज़ी, 22) तर्कसंगत, 24) एक लंबोतरा कंद, 25) एक पंजाबी नदी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अविवाहित स्त्रियों के नाम के पहले लगनेवाला आदरसूचक और शिष्टतापूर्ण संबोधन, 2) प्रहारक, 3) जीवन, 4) बांग्लादेश की राजधानी, 5) भिड़ाना, 8) लुब्ध होना, 9) शिव, 10) ज़मीन पर रेंगनेवाला एक जीव, 12) छिलन; ख़राश, 13) ज़ंजीर, 15) कमल, 17) ज़नाना ढीला पाजामा, 18) आज्ञापालन, 19) ख़र्चीला, 21) स्वीकार, 23) केवल. *(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | ट | प | टा | ■ | आ | रं | भ | ■ | ज |
| ■ | ■ | ह | ल | च | ल | ■ | ग | दी | ला |
| मि | सा | ल | ■ | ल | य | ■ | द | ■ | व |
| ती | र | ■ | आ | ना | ■ | अ | ड़ | च | न |
| ■ | स | मा | ज | ■ | को | ड़ा | ■ | म | ■ |
| वि | ■ | स | मा | चा | र | ■ | अ | चा | हा |
| नि | ष्ठ | ■ | इ | ■ | स | ह | ना | ■ | था |
| म | ■ | बे | श | क | ■ | ल | ड़ी | ■ | पा |
| य | म | ल | ■ | ल | क़ | वा | ■ | क | ई |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3024

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 1 | | | | | | |
| | | | | 2 | | 4 | | |
| | | | | | | | | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | 7 | |
| | | | | | | | 5 | 8 |
| | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 9 | | |
| | | | 2 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2991 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 9 | 2 | 7 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 3 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 |

# बंगाल सरकार को वक्फ अधिनियम के विरोध में हिंदुओं पर हो रहे 'जिहादी' हमले रोकने चाहिए : विहिप

**सिलीगुड़ी :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने बंगाल प्रशासन से वक्फ अधिनियम से संबंधित विरोध प्रदर्शनों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हिंदुओं और उनकी संपत्तियों पर किए जा रहे हमलों को तत्काल रोके जाने की मंगलवार को अपील की तथा पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग की। विहिप ने यह भी कहा कि यदि राज्य में कहीं और ऐसी घटनाएं दोहराई जाती हैं तो केंद्र का हस्तक्षेप आवश्यक हो जाएगा। इस दिन, सिलीगुड़ी में विहिप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) मिलिंद परांडे ने पत्रकारों से बात करते हुए राज्य में तृणमूल कांग्रेस के दो मंत्रियों - सिद्दीकुल्ला चौधरी और फिरहाद हकीम - के कथित बयानों की आलोचना की और उन्हें 'भड़काऊ एवं असंवेदनशील' करार दिया। परांडे ने कहा कि मुर्शिदाबाद जिले के धुलियान इलाके में 'जिहादी उपद्रवियों' के हमले से बचने के लिए बंगाली हिंदुओं का अपने घरों से भागकर पास के मालदा जिले में शरण लेना 'अतीत में जम्मू-कश्मीर से हुए कश्मीरी पंडितों के पलायन' की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 'वक्फ (संशोधन) अधिनियम विरोधी किसी भी आंदोलन के दौरान' सिलीगुड़ी में या राज्य के अन्य स्थानों पर कानून-व्यवस्था खराब न हो। परांडे ने कहा




कि अन्यथा केंद्र सरकार का हस्तक्षेप आवश्यक हो जाएगा। मंत्री फिरहाद हकीम के टिप्पणी पर विहिप नेता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'यह शर्म की बात है' और जिले में हिंदुओं की दुर्दशा पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 'लापरवाही वाले दृष्टिकोण' को दर्शाती है। परांडे ने कहा कि सरकार को ऐसे बयान जारी करने के बजाय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हिंसा रुके, पीड़ितों को सुरक्षा एवं मुआवजा मिले और हमलावरों एवं भड़काने वालों के खिलाफ हिंदुओं पर अत्याचार करने के लिए मामला दर्ज किया जाए। इन टिप्पणियों से पता चलता है कि प्रशासन मूल मुद्दों को हल करने के प्रति गंभीर नहीं है। परांडे ने एक अन्य मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी के इस हालिया बयान को भी 'भड़काऊ' करार दिया कि वक्फ अधिनियम का विरोध अन्य जिलों में और फिर कोलकाता में फैलेगा। परांडे ने चौधरी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि तृणमूल के ये नेता मुर्शिदाबाद के धुलियान, सुती और शमशेरगंज में हिंदुओं पर हुए हमलों की जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। परांडे ने जान-माल की रक्षा के लिए राज्य के कुछ संवेदनशील हिस्सों में केंद्रीय बलों की तैनाती किए जाने की मांग की। उन्होंने बंगाली नववर्ष के अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य पश्चिम बंगाल में शांति, व्यवस्था एवं कानून का शासन स्थापित हो। वक्फ आंदोलन के नाम पर राज्य के हिंदुओं के जीवन और संपत्तियों पर जिहादी हमले बंद हों।

# बंगाल में लोग जिन्दा रहने के लिए संघर्ष कर रहें है : अधीर चौधरी

## कांग्रेस नेता ने मुर्शिदाबाद हिंसा में घायल लोगों से अस्पताल में जाकर की मुलाकात

**मुर्शिदाबाद :** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन से जुड़ी हालिया हिंसा को लेकर नाटक करने का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद हिंसा में घायल लोगों से मिलने पहुंचे पूर्व कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि बहुत सारे लोग अस्पताल में भर्ती हैं, लेकिन पुलिस और राज्य सरकार चुप हैं। लोग जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, फिर भी राज्य सरकार कुछ नहीं कहती है। चौधरी ने कहा कि अगर किसी अन्य राज्य में कुछ होता है, तो तृणमूल जांच



के लिए प्रतिनिधि भेजती है, लेकिन शमशेरगंज-जंगीपुर के मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कोई बात नहीं है। पूर्व सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री धर्मनिरपेक्ष होने का दिखावा करती हैं और उन पर भाजपा को आम मुसलमानों को जिहादी कहने का मौका देने का आरोप लगाया। चौधरी ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि भाजपा सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करेगी। मुख्यमंत्री नाटक कर रही हैं, वह धर्मनिरपेक्ष होने का दिखावा करती हैं। बंगाल सरकार भाजपा को आम मुसलमानों को जिहादी कहने का मौका दे रही है और इससे किसे फायदा होगा? टीएमसी और भाजपा को इससे फायदा होता है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि दंगे वहीं होते हैं जहां सरकार चाहती है। एक बार गोधरा में ऐसा हुआ क्योंकि सरकार चाहती थी। बंगाल में भी ऐसा हो रहा है क्योंकि सरकार चाहती है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बाहर से शांति सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है।

## सांप के डसने से तड़पता रहा मासूम, ओझा की झाड़-फूंक से नहीं बच सकी जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के हारोआ थानांतर्गत षष्ठीतला गांव में सोमवार को एक 9 वर्षीय मासूम की सांप के डसने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतक की पहचान मनीष मंडल के रूप में हुई है, जो आठपुकुर ग्राम पंचायत का निवासी था। बताया जा रहा है कि वह शाम को घर के पास बगीचे में खेल रहा था, तभी एक विषैले सांप ने उसे डस लिया। परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय पहले एक ओझा के पास ले जाकर झाड़-फूंक कराई। अंधविश्वास में फंसे परिजनों को जब तक बच्चे की बिगड़ती हालत की गंभीरता समझ आई और वे उसे हारोआ ग्रामीण अस्पताल लेकर पहुंचे, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया।

# स्कूल शिक्षक ने बेरोजगार हो जाने के डर से की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली के एक हाई स्कूल शिक्षक का आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृत शिक्षक का नाम प्रणब नैया(45) है। हाल ही में एसएससी 2016 पैनल के 25,752 शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों की नौकरी जाने के बाद पूरे राज्य में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि नौकरी खोने के डर से ही मंगलवार को तेतुलबेड़िया गांव स्थित अपने घर में प्रणब ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, प्रणब नैया, स्थानीय टीएस सनातन हाई स्कूल में बंगाली के शिक्षक थे। उन्होंने 2012 की परीक्षा पास कर 1 अप्रैल 2015 को सरकारी सेवा में नियुक्ति पाई थी। उन्होंने अपना करियर मुर्शिदाबाद के



बेगमबाड़ी स्कूल से शुरू किया था और बाद में उत्सश्री पोर्टल के माध्यम से तबादला करवा कर घर के पास के स्कूल में आ गए थे। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को वे आखिरी बार स्कूल गए थे। इस घटना के बाद से ही इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र मामला : प्राथमिक शिक्षा बोर्ड ने दिखाया सख्त रुख, रिपोर्ट में देरी पर नाराज़गी

**कोलकाता :** फर्जी जाति प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने के मामले में पश्चिम बंगाल के प्राथमिक शिक्षा बोर्ड ने अब और सख्त रुख अपनाया है। मालदा जिले में दो शिक्षकों पर फर्जी जाति प्रमाणपत्र के ज़रिए नौकरी पाने का आरोप है, जिसे लेकर दो हफ्ते पहले




रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन अब तक रिपोर्ट जमा नहीं होने पर बोर्ड ने नाराज़गी जताई है। प्राथमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार तक मालदा जिला डीपीएससी (जिला प्राथमिक य परिषद) के चेयरमैन को रिपोर्ट सौंपने का स्पष्ट निर्देश दिया है। साथ ही यह भी पूछा गया है कि एंटी करप्शन ब्रांच की जांच के बाद अब तक क्या निष्कर्ष निकला है, और कौन-कौन से तथ्य सामने आए हैं, उसकी विस्तृत जानकारी तुरंत दी जाए। गौरतलब है कि मालदा जिले में दो शिक्षकों के खिलाफ फर्जी जाति प्रमाणपत्र के ज़रिए नौकरी हासिल करने की शिकायत सामने आने के बाद, राज्य पुलिस की एंटी करप्शन ब्रांच ने इस मामले की जांच शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक शिक्षा बोर्ड से भी इस मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करने को कहा था। अब बोर्ड की सख्ती के बाद उम्मीद है कि मामले की तह तक जाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस तरह के मामलों में त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग लगातार उठ रही है।

# पोर्ट अंचल में भाजपा ने पाठ्य सामग्री का वितरण किया



**कोलकाता :** कोलकाता पोर्ट मंडल 3 के वार्ड 133 में दीनू मिस्त्री बगान के पास भाजपा के द्वारा आज भारत रत्न बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण किया गया। उक्त अवसर पर विधायक व राज्य भाजपा की महामंत्री अग्निमित्रा पॉल सहित पार्टी के दक्षिण कोलकाता जिला अध्यक्ष अनुपम भट्टाचार्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा जिला मंत्री भगवानजी झा, मंडल अध्यक्ष शंभू राम तथा मंडल के अनेक पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# कोलकाता मेट्रो रेलवे ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई

**कोलकाता :** मेट्रो रेल भवन, कोलकाता में आज दिनांक 15 अप्रैल 2025 को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती गंभीरता और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मेट्रो रेलवे, कोलकाता के महाप्रबंधक श्री पी. उदय कुमार रेड्डी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और भारत के संविधान निर्माता, महान विचारक और समाज सुधारक डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मेट्रो रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इस महान विभूति को पुष्प अर्पित किए और समान अधिकारों की रक्षा के प्रति



प्रतिबद्धता व्यक्त की। ऑल इंडिया अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति रेलवे कर्मचारी संघ, मान्यता प्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधि और मेट्रो स्टाफ ने भी डॉ. अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए। गौरतलब है कि 14 अप्रैल 2025 को अवकाश होने के कारण बाबासाहेब की जयंती 15 अप्रैल को आयोजित की गई।

## नववर्ष पर नदिया में भीषण सड़क हादसा, बस और इंजन वैन की टक्कर में तीन की मौत

**नदिया :** नदिया जिले के भीमपुर थानांतर्गत कुलगाछी इलाके में नववर्ष के दिन एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। मंगलवार दोपहर को कृष्णनगर-माजदिया मार्ग पर यात्रियों से भरी एक बस और सामने से आ रही इंजन वैन के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में वैन सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना के समय वैन में चालक सहित कुल तीन लोग सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन के सभी सवार दूर जाकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। वहीं, सूचना मिलते ही भीमपुर थाना पुलिस




घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों को शक्तिनगर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक और व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। हादसे में एक अन्य घायल की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। टक्कर के प्रभाव से बस का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया और वह सड़क किनारे आकर रुक गई। मृतकों की पहचान नहीं हो पायी है। इस मामले की जांच जारी है।

# विश्व भारती में परंपरागत तरीके से हुआ नववर्ष का स्वागत

**बीरभूम :** परंपरा के अनुसार, बीरभूम के बोलपुर स्थित विश्व भारती विश्वविद्यालय में मंगलवार को बंगाली नववर्ष 'पोइला बोइशाख' का भव्य आयोजन हुआ। सुबह से ही शांतिनिकेतन का कवि आश्रम 'एसो हे बोइशाख, एसो एसो' गीतों की मधुर स्वर-लहरियों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 5 बजे गौर प्रांगण में 'बैतालिक' गायन से हुई। इसके बाद, सुबह 7 बजे उपासना गृह में सामूहिक प्रार्थना का आयोजन हुआ। सुबह 9 बजे माधवी वितान में सांस्कृतिक मंच सजा, जहां विभिन्न भवनों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने पारंपरिक संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया। शाम को गौर प्रांगण में रवीन्द्रनाथ ठाकुर की नृत्यनाट्य 'श्यामा' का मंचन है। इस समारोह



में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रवीर कुमार घोष, जनसंपर्क अधिकारी अतिक घोष, विभिन्न भवनों के अध्यापक, और बर्दवान रेंज के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राणा मुखर्जी समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। बता दें कि पहले विश्व भारती में 25 बोइशाख को रवीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्मदिन 'पोइला बोइशाख' के साथ ही मनाया जाता था, क्योंकि भीषण गर्मी और जल संकट के कारण उस दिन विश्वविद्यालय बंद रहता था। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं, और अब पोइला बोइशाख को ही रवीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्मोत्सव आयोजित होता है।

## एसुस ने बोलपुर में एक्सक्लूसिव स्टोर लॉन्च कर भारत भर में अपनी रिटेल स्ट्रेटेजी को मजबूत किया

**बोलपुर :** एसुस इंडिया ने बोलपुर में अपना एक्सक्लूसिव स्टोर लॉन्च किया है। यह नया स्टोर 275 वर्ग फुट में फैला हुआ है और यहाँ इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर हार्डवेयर की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। स्टोर में एसुस के प्रमुख प्रोडक्ट्स, जैसे- विवोबुक, ज़ेनबुक, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप्स, गेमिंग डेस्कटॉप्स, ऑल-इन-वन डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज़ की एक विस्तृत रेंज शामिल है। यह बोलपुर में ब्रांड का पहला स्टोर है, जिससे पश्चिम बंगाल में एसुस के कुल 13 एक्सक्लूसिव स्टोर्स हो गए हैं। इस विस्तार के बारे में बात करते हुए, जिग्नेश भावसर, नेशनल सेल्स मैनेजर- पीसी और गेमिंग बिजनेस, एसुस इंडिया, ने कहा, हमें भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति के विस्तार की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। पश्चिम बंगाल हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, और बोलपुर जैसे शहर में नया ब्रांड स्टोर शुरू करना हमारे नवीनतम इनोवेशन के बेहतर अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# कोलकाता साइंस सिटी में वैक्सीन्स: इंजेक्टिंग होप अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के साइंस सिटी में मंगलवार को वैक्सीन्स: इंजेक्टिंग होप नामक अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक स्तर पर रिकॉर्ड समय में विकसित की गई वैक्सीन्स की



प्रेरणादायक कहानी को आम जनता तक पहुंचाना है। इसका उद्घाटन पद्मश्री सम्मानित प्रो. डॉ. बलराम भार्गव, पूर्व महानिदेशक, आईसीएमआर द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई प्रमुख वैज्ञानिक, चिकित्सक और शिक्षा जगत की हस्तियां उपस्थित थीं। यह प्रदर्शनी नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम्स (एनसीएसएम), भारत और साइंस म्यूजियम ग्रुप, लंदन के सहयोग से तैयार की गई है। 15 नवंबर 2022 से शुरू हुई यह प्रदर्शनी दिल्ली, नागपुर, मुंबई और बेंगलुरु की यात्रा करने के बाद अब कोलकाता पहुंची है, जहां यह 15 अप्रैल 2025 से 30 सितंबर 2025 तक साइंस सिटी में प्रदर्शित की जाएगी। प्रदर्शनी में वैक्सीन निर्माण की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों जैसे- 'नए वायरस का आगमन', 'डिजाइन', 'परीक्षण', 'मास उत्पादन', 'रोलआउट' और 'कोविड के साथ जीवन' को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है। इस प्रदर्शनी पर बोलते हुए एनसीएसएम के महानिदेशक अरिजीत दत्ता चौधरी ने कहा कि सुपरबग्स प्रदर्शनी की सफलता के बाद यह एक और अहम पहल है, जो लोगों में वैक्सीन्स के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचने हेतु इस बार मोबाइल साइंस एग्जिबिशन बस जोड़ी गई है। साइंस म्यूजियम ग्रुप, लंदन के निदेशक सर इयान ब्लैचफोर्ड ने इसे कोविड-19 के वैज्ञानिक और वैश्विक उत्तरदायित्व का दस्तावेज बताया। वहीं, एनसीएसएम के उपमहानिदेशक समरेंद्र कुमार ने बताया कि अब तक 18.2 लाख लोग प्रदर्शनी देख चुके हैं और 26 लाख से अधिक तक सोशल मीडिया से पहुंचा गया है।

# चमत्कारिक भक्ति काव्य स्तोत्र है भक्तामर स्तोत्र : मुनिश्री जिनेश कुमार

## वृहद् भक्तामर प्रकल्प अनुष्ठान एवं समारोह का भव्य आयोजन - उत्तर हावड़ा

**कोलकाता :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेशकुमारजी ठाणा - 3 के सान्निध्य में वृहत्तर कोलकाता में भक्तामर प्रकल्प अनुष्ठान के 100 वें सप्ताह में प्रवेश करने पर वृहद् भक्तामर प्रकल्प अनुष्ठान एवं समारोह का भव्य आयोजन उत्तर हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा तेरापंथ सभागार में 15 अप्रैल, मंगलवार को प्रातः 6 बजे से आयोजित किया गया। जिसमें वृहत्तर कोलकाता के विभिन्न सभा क्षेत्रों से अच्छी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। समारोह से पहले लगभग एक घंटा मुनिश्री द्वारा भक्तामर प्रकल्प अनुष्ठान करवाया गया। अनुष्ठान के पश्चात आयोजित समारोह में धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री जिनेश कुमार जी ने कहा - भक्तामर स्तोत्र आचार्य मानतुंग की अनमोल कृति है। इसकी रचना सातवीं शताब्दी में हुई। यह एक चमत्कारिक भक्ति



काव्य स्तोत्र है। इसमें भगवान ऋषभ की स्तुति की गई है। हजारों-हजारों जैन अनुयायी प्रतिदिन इसका पाठ करते है। यह जैनों का सर्वमान्य स्तोत्र है। यह मध्यम आकार का मंत्र गर्भित संस्कृत भाषा में निबद्ध स्तोत्र है। इसमें मंत्राक्षरों की संयोजना की गई है। इसके जाप से रोग, शोक, दुःख, पीड़ा, विध्न दूर हो जाते हैं। कार्य में उत्पन्न बाधाएं दूर होती है। उत्तरवर्ती आचार्यों ने भक्तामर स्तोत्र पर कई कल्प तैयार किये हैं। भक्तामर का पाठ एवं जाप करने से अनेक भौतिक एवं आध्यामिक लाभ होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन भक्तामर का विधिवत् पाठ करना चाहिए। जिससे मन शांत व घर का वातावरण पवित्र होता है। वृहत्तर कोलकाता में भक्तामर प्रकल्प का अनुष्ठान नियमित रूप से चल रहे है। घर-घर आयोजित होने वाले इस अनुष्ठान का यह 100वां सप्ताह चल रहा है। अनुष्ठान कराने वाले,श्रावक समूह साधुवाद के पात्र है। उत्तर हावड़ा सभा क्षेत्र द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणास्रोत बने। इस अवसर पर मुनिश्री परमानंद जी ने कहा-भक्तामर पाठ से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल मुनिश्री कुणाल कुमार जी मंगलाचरण से हुआ। स्वागत भाषण सभा के सहमंत्री डॉ. अरिहंत सिंघी ने दिया। भक्तामर प्रकल्प अनुष्ठान ग्रुप उत्तर हावड़ा ने सुमधुर गीत का संगान किया। आभार ज्ञापन संयोजक विकास श्यामसुखा ने किया। कार्यक्रम का संचालन मुनिश्री परमानंद जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ज्ञातव्य है कि भक्तामर प्रकल्प अनुष्ठान रविवार को साउथ हावड़ा, सोमवार को लिलुआ, मंगलवार को उत्तर हावड़ा, बुधवार को साउथ कोलकाता, गुरुवार को साल्टलेक, शुक्रवार को पूर्वांचल व शनिवार को टॉलीगंज में आयोजित होते हैं।

# डॉ. बी. आर. आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम संपन्न

**कोलकाता :** जोड़ासांको विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विवेक गुप्ता के दिशानिर्देशानुसार वार्ड. 23 में, तृणमूल कांग्रेस के एससी ओबीसी कमेटी के द्वारा भारत के संविधान निर्माता 'भारत रत्न' डॉ बी. आर. आंबेडकर की 134 वीं जयंती मनायी गयी। इस मौके पर छात्रों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता और स्वास्थ सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जरुरतमन्द बच्चों में पाठ्य सामग्री और मिठाईया बाँटी गई। यह कार्यक्रम वार्ड नंबर 23 के तृणमूल काँग्रेस एससी ओबीसी कमेटी के अध्यक्ष जय प्रकाश सोनकर के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद तापस मण्डल (वेस्ट बंगाल एससी ओबीसी कमेटी के अध्यक्ष), विधायक अशोक देव, गोपाल चंद्र साहा (नॉर्थ कोलकाता एससी ओबीसी कमेटी के अध्यक्ष),



राजेन्द्र सोनकर (पार्षद टीटागढ़ वार्ड नंबर2 ), पार्षद महेश शर्मा, पार्षद राजेश सिन्हा, स्वपन बर्मन, वरुण मलिक, ऐड्वकेट देवनाथ सोनकर, सांवरमल अग्रवाल, हरी सोनी, हरिचारण सोनकर, पप्पू तिवारी, बबलू सोनकर, मोहित सोनकर,ऐड्वकेट रंजीत माली, ऐड्वकेट मनीषा सोनकर,ऐड्वकेट निकिता माली, विवेक सोनकर, नरेंद्र सिंहानिया, संतोष सोनकर, पवन शर्मा, आकाश पांडे, मुन्ना मण्डल एवं शिक्षक, शिक्षाकाये, डॉक्टर, सामाजिक अनेक अतिथि गणमान्य उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिंस राज सोनकर, पप्पू सोनकर, प्रमोद गुप्ता, नवीन सोनकर, विनोद यादव, तुषार सोनकर, बिट्टू कुर्मी, आशीष सिंह, विक्रम गुप्ता, रवि सिंह के अलावा अनेक कार्यकर्ताओ ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# पोइला बैसाख पर लेखक की नई पुस्तक का विमोचन



**कोलकाता :** नववर्ष 1431 के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय (13 से 15 अप्रैल 2025) कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक चला। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कवि, साहित्यकार और लेखक शेख गोलाम मोइउद्दीन गाजी की एक नई पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व इंडियन म्यूज़ियम कोलकाता के कौशिक पाल और पश्चिम बंगाल सूचना एवं संस्कृति विभाग (नबन्ना) के अधिकारी शेख अब्दुल हामिद उपस्थित थे। कला निर्देशन में गौतम दास (बुड़ो) ने विशेष भूमिका निभाई।

# उत्तर चौबीस परगना में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की नई शाखा का भव्य शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, पश्चिम बंगाल द्वारा उत्तर चौबीस परगना शाखा का विधिवत शुभारंभ बांग्ला नववर्ष के अवसर पर किया गया। यह उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर हावड़ा शाखा के अध्यक्ष सुनील जायसवाल, राज्य सचिव प्रदीप लुहारीवाला तथा कोषाध्यक्ष अमित धनानिया समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री चौधरी ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन समाज के कल्याण, शिक्षा, व्यवसाय और प्रशासनिक क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी इस संगठन से जुड़कर अपने विकास के साथ-साथ समाज को भी नई दिशा दे रही है। राज्य सचिव प्रदीप लुहारीवाला ने वैश्य समाज की आर्थिक शक्ति और संगठन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में व्यापार और वाणिज्य की अपार संभावनाओं को देखते हुए संगठन को और अधिक सशक्त किया जा रहा है। कोषाध्यक्ष अमित धनानिया ने युवाओं को प्रेरित कर समाज को जागरूक करने की बात कही और कहा कि वैश्य समाज न केवल आर्थिक रूप से,



बल्कि सामाजिक रूप से भी राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर चौबीस परगना के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोमनाथ घोष और सचिव डॉ. नबेन्दु साहा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठन से जुड़ने को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि वे वैश्यों को नवीन व्यवसायिक गतिविधियों से जोड़कर पश्चिम बंगाल को आर्थिक रूप से अग्रणी बनाना चाहते हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर लुहारीवाला, राजेंद्र प्रसाद सुरेका, जनसंपर्क अधिकारी संजय पोद्दार सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। नई कमेटी के सदस्यों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समारोह में कई लोगों ने महासम्मेलन की सदस्यता भी ग्रहण की।

# हावड़ा के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों का रूट मार्च

## पुलिस कमिश्नर ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की

**हावड़ा, समाज्ञा :** बंगाल के कुछ जिलों में हाल ही में हुई हिंसा के मद्देनज़र हावड़ा सिटी पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी क्रम में हावड़ा के संवेदनशील इलाकों में सीआईएसएफ, कॉम्बैट फोर्स और रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग शुरू कर दी गई है। हावड़ा सिटी पुलिस के पुलिस कमिश्नर प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने जानकारी दी कि हावड़ा जिला शांतिप्रिय लोगों का इलाका है, जहां रामनवमी और हनुमान जयंती जैसे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए हैं।

उन्होंने कहा कि हालांकि स्थिति सामान्य है, फिर भी किसी भी प्रकार



की अफवाह या उपद्रव की आशंका को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा बल रूट मार्च कर रहे हैं। इसका उद्देश्य लोगों को सतर्क करना और जागरूकता फैलाना है ताकि कोई भी शरारती तत्व या अफवाहबाज़ अपने नापाक मंसूबों में सफल न हो सके। पुलिस कमिश्नर ने यह भी बताया कि राज्य के किसी भी हिस्से में यदि कोई घटना घटती है तो हावड़ा पुलिस और अधिक सतर्क हो जाती है, और सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं।

# राजारहाट में जलाशय पाटकर अवैध निर्माण! हाई कोर्ट का स्थगनादेश

**कोलकाता :** कोलकाता के उपनगर राजारहाट में एक बार फिर जलाशय पाटकर अवैध बहुमंजिला इमारत के निर्माण का मामला सामने आया है। यह मामला अब अदालत तक पहुंच गया है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले में तुरंत निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश दिया है। साथ ही, बी.एल.एंड.एल.आर.ओ. (भूमि और भूमि सुधार अधिकारी) को एक महीने के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश भी दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, राजारहाट थाना क्षेत्र के फरा भवन के पास एक स्थानीय निर्माण कंपनी एक बड़े पोखर को पाटकर अवैध निर्माण कर रही थी। इस पर प्रशांत घोष नामक एक व्यक्ति ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की। याचिका पर सुनवाई करते



हुए मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम की खंडपीठ ने निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश दिया।

प्रशांत घोष के वकील, अनुशिका भारती ने बताया, राज्य नगर निगम अधिनियम के अनुसार किसी भी जलाशय को पाटना गैरकानूनी है। लेकिन यहाँ एक पूरा का पूरा पोखर पाटकर निर्माण कार्य हो रहा था। हाल के दिनों में ऐसे ही कई निर्माणों के गिरने की घटनाएँ सामने आई हैं।

कोर्ट में नगर निगम की ओर से भी बताया गया कि भूमि एवं भूमि सुधार अधिकारी इस स्थान का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपेंगे।

गौरतलब है कि हाल ही में कोलकाता और उसके आसपास कई बहुमंजिला इमारतें झुकने और गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। इन मामलों के बाद कोलकाता नगर निगम ने कोई समझौता न करते हुए सख्त कदम उठाने शुरू किए हैं। राज्य की अन्य नगरपालिकाओं को भी सतर्क और सख्त रुख अपनाने का निर्देश दिया गया है।

इस मामले में एक बार फिर जलाशयों को पाटकर निर्माण करने पर गंभीर सवाल उठे हैं। हाई कोर्ट ने अब सख्त कदम उठाते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगाने का आदेश दिया है और नगर निगम ने जांच शुरू कर दी है।



**गर्मी से राहत देने के लिए हावड़ा पुलिस कमिश्नर प्रवीण त्रिपाठी ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को छाता, ग्लूकोज, सूती कपड़े और सनग्लास वितरित किए। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी में रोटेशन समय कम करने का भी आश्वासन दिया। साथ ही विशेष सेवा के लिए तीन साहसी पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।**

# नबान्न अभियान में आमंत्रण देने पहुंचे तीन गिरफ्तार, नहीं हो पाई सौरव गांगुली से मुलाकात

**कोलकाता :** पूर्व क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली से मिलने और उन्हें नबान्न अभियान में आमंत्रण देने पहुंचे तीन बेरोजगार युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ये सभी 'पश्चिम बंगाल वांछित चाक्रिप्रार्थी, चाकरिजीवी ओ चाकरिहारा ऐक्य मंच' नामक संगठन से जुड़े हैं। उन्हें कोलकाता के ठाकुरपुकुर थाना पुलिस ने रोका और बाद में थाने ले जाया गया।

दरअसल, यह संगठन आगामी 21 अप्रैल को 'नबान्न अभियान' की घोषणा कर चुका है। उनका आरोप है कि सरकार की निष्क्रियता और इच्छाशक्ति की कमी के चलते राज्य के हजारों शिक्षक, शिक्षिका और शैक्षिक कर्मी अपनी नौकरियों से वंचित हो गए हैं। इसी मुद्दे को लेकर वे



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सीधा संवाद चाहते हैं और नबान्न अभियान उसी दिशा में एक कदम है।

संगठन ने पहले ही कई नामी हस्तियों और आम नागरिकों से इस अभियान में शामिल होने की अपील की है। मंगलवार को संगठन के तीन प्रतिनिधि सौरव गांगुली को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण देने उनके बेहाला स्थित आवास पर पहुँचे। लेकिन सौरव उस समय घर पर मौजूद नहीं थे, जिससे उनकी मुलाकात नहीं हो सकी।

इससे पहले ही पुलिस वहां मौजूद थी और जैसे ही प्रतिनिधि पहुंचे, उन्हें हिरासत में ले लिया गया और ठाकुरपुकुर थाने ले जाया गया।

गिरफ्तार किए गए प्रतिनिधियों में से एक ने कहा, दादा (सौरव गांगुली) का माननीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ अच्छा संबंध है। हम चाहते हैं कि वह मुख्यमंत्री तक हमारी आवाज़ पहुंचाएं और समाधान का मार्ग प्रशस्त करें। इसी कारण हम उन्हें नबान्न अभियान में आमंत्रित करने आए थे।

इस घटना के बाद आंदोलनकारी संगठन की ओर से प्रशासन के इस रवैये की निंदा की गई है और कहा गया है कि लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने वालों को डराने की कोशिश की जा रही है।

### न्यायमूर्ति सामंत को कलकत्ता उच्च न्यायालय का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश शुभेंदु सामंत को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने यहां आयोजित बैठक में यह फैसला लिया। आधिकारिक बयान के मुताबिक, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 15 अप्रैल को हुई अपनी बैठक में न्यायमूर्ति शुभेंदु सामंत, अतिरिक्त न्यायाधीश को कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। बता दें कि 25 नवंबर 1971 को जन्मे न्यायमूर्ति सामंत को 18 मई 2022 को कलकत्ता उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया था।

### हावड़ा मंडल में ट्रैक मेंटेनेंस के चलते बंडेल-कटवा लोकल ट्रेन रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा हावड़ा मंडल के अंतर्गत बंडेल-काटवा सेक्शन में नियोजित ट्रैक रखरखाव कार्य के चलते 37749/37748 बंडेल-काटवा-बंडेल लोकल ट्रेन को अस्थायी रूप से रद्द किया गया है। यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों की समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए रेलवे द्वारा समय-समय पर ट्रैक की मरम्मत और रखरखाव कार्य किया जाता है, जिससे रेल परिसरों की कार्यक्षमता और विश्वसनीयता बनी रहे। इसमें 16 अप्रैल से 5 मई तक दैनहाट और धात्रिग्राम स्टेशनों के बीच डाउन मेन लाइन पर 180 मिनट का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक 14 दिनों तक केवल गुरुवार और रविवार को छोड़कर अन्य सभी दिनों में प्रभावी रहेगा। ट्रैक ब्लॉक के कारण बंडेल-कटवा खंड की उक्त लोकल ट्रेन उन निर्धारित दिनों में सेवा में नहीं रहेगी। पूर्व रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पूर्व ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य लें।

## परिवार के विरोध के बीच मामी-भांजे का आत्मघाती कदम, वीडियो कॉल पर दोनों ने की खुदकुशी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बजबज थाना अंतर्गत पाइकपाड़ा इलाके में नववर्ष के पहले दिन ही एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। जहां मामी और भांजे के अवैध प्रेम संबंध को लेकर परिवार के विरोध के चलते प्रेमी युगल ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, लगभग 10 साल पहले बजबज थाना क्षेत्र के नंदनपुर की निवासी 19 वर्षीय अनन्या की शादी पाइकपाड़ा के आशा गजितला इलाके के रहने वाले रंजीत सरदार से हुई थी। दोनों के ढाई साल का एक बच्चा भी है और रंजीत की एक बाइक रिपेयरिंग की दुकान है। बताया जा रहा है कि अनन्या का रंजीत की फुफेरी बहन के बेटे राकेश उर्फ रॉकी बाग के साथ



प्रेम संबंध बन गया। इन दोनों के अवैध संबंध के बारे में पता चलते ही परिवार वालों ने विरोध किया। इसके बाद, सोमवार रात को दोनों ने वीडियो कॉल के दौरान अलग-अलग अपने घरों में आत्महत्या कर ली। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों के शवों के कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले की जांच जारी है।

### कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग, दमकल की 2 गाड़ियों ने आग पर पाया काबू



**हुगली :** हुगली जिले के श्रीरामपुर थानांतर्गत रेल लाइन संग्लग्न इलाके में स्थित एसी मार्केट में एक कपड़े की दुकान में देर रात आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मार्केट से धुआं और आग की लपटें निकलते देख स्थानीय लोग घबरा गए और तुरंत दमकल, पुलिस और स्थानीय पार्षद को सूचित किया गया। खबर मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल की अन्य एक और गाड़ी को मौके पर बुलाया गया। श्रीरामपुर नगरपालिका के सीआईसी संतोष सिंह और श्रीरामपुर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने तकरीबन 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। आग लगने का अनुमान शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग में हुए नुकसान का आंकलन खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाया है। दमकल अधिकारी मामले की छानबीन कर रहे हैं। आग लगने का सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है। वहीं, इस घटना में किसी के हताहत होने की भी कोई खबर नहीं है।

## दिघा के जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन को लेकर नबान्न में होगी बैठक

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही घोषणा की थी कि अक्षय तृतीया के दिन दिघा के जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए अब मुख्यमंत्री ने इस भव्य उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई है।

यह बैठक आज, बुधवार को नबान्न में आयोजित की जाएगी। इसमें दिघा के जगन्नाथ मंदिर संचालन के लिए गठित ट्रस्ट के सदस्यों के साथ चर्चा की जाएगी।

माना जा रहा है कि उद्घाटन समारोह के दिन लगभग 10 से 15 हज़ार श्रद्धालु मंदिर पहुंच सकते हैं। इसके अलावा कई वीवीआईपी अतिथियों की भी उपस्थिति अपेक्षित है। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कल की बैठक



में सुरक्षा, व्यवस्थापन और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही निर्देश दिया है कि कल की बैठक में विभिन्न विभागों के सचिवों और राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। यह बैठक कल शाम 5:30 बजे से नबान्न के सभागार में आयोजित की जाएगी।

### बांग्ला नववर्ष पर श्रमिकों में असंतोष, तृणमूल श्रमिक यूनियन के बैनर तले विरोध प्रदर्शन

**हुगली :** बांग्ला नववर्ष के दिन ही जिले के सुगंधा स्थित जया बिस्कुट फैक्ट्री में श्रमिकों का असंतोष भड़क उठा। स्थायी श्रमिकों ने अनुबंध न नवीनीकृत होने और ठेका श्रमिकों से काम कराए जाने के विरोध में काम बंद कर फैक्ट्री गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान लगभग दो सौ श्रमिकों ने सुगंधा मोड़ (दिल्ली रोड) से जुलूस निकालकर फैक्ट्री के मुख्य द्वार तक मार्च किया और आईएनटीटीयूसी (तृणमूल श्रमिक यूनियन) के बैनर तले विरोध दर्ज कराया। श्रमिकों का कहना है कि पिछली बार का अनुबंध पिछले वर्ष ही समाप्त हो गया था, लेकिन उसके बाद से न तो कोई नया अनुबंध किया गया और न ही वेतन में कोई वृद्धि हुई। प्रदर्शनकारी श्रमिक नेपाल दास ने बताया कि वार्षिक वेतनवृद्धि, बोनस, सेवानिवृत्ति आयु और अन्य मुद्दों पर प्रबंधन से चर्चा होनी थी, लेकिन प्रबंधन सुनवाई को तैयार नहीं है। सूत्रों के अनुसार, इस मुद्दे को लेकर श्रम विभाग में अब तक तीन बार बैठक हो चुकी है, परंतु कोई समाधान नहीं निकल सका है। फैक्ट्री में ठेका श्रमिकों की संख्या स्थायी श्रमिकों से अधिक है, जो प्रदर्शन के दौरान कार्यरत रहे, जबकि स्थायी श्रमिकों ने काम पर लौटने से इनकार कर दिया। श्रमिकों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

# सदस्य परिचय सम्मेलन के साथ सामाजिक मंच के रूप में उभरा 'जायसवाल विकास मंच'



**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा जायसवाल विकास मंच ने 129 बेलिलियस रोड स्थित बेलिलियस पार्क के विवाह बैंक्वेट हॉल में अपने सदस्यों के साथ पहली बार सदस्य परिचय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। जायसवाल विकास मंच के कार्यकम की शुरूआत राजेश जायसवाल (एडकॉम) के द्वारा दीप प्रज्वलित और पंडित नममी शुक्ला जी के मंगला चरण की अमृत वर्षा के द्वारा किया गया। कन्वेनर सुरेश जायसवाल (लखन) ने 460 सदस्यों वाली संस्था का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। सुरेश जायसवाल नेता-जी ने जायसवाल विकास मंच द्वारा भविष्य में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। जायसवाल विकास मंच के मुख्य संरक्षक और सभा के अध्यक्ष हरीश चंद जायसवाल ने संस्था को निर्माण करने की जरूरतों के बारे में विस्तार पूर्वक सदस्यों को समझाया और भविष्य में मानव सेवा करने का वचन भी दिए। मंच का संचालन भोला जायसवाल ने सफलता पूर्वक किया। इस सभा में गणमान्य समाज सेवी के रूप में कोलकाता के अखिलेश जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, राजेश जायसवाल, राम



ताड़क जायसवाल, रमेश जायसवाल, अमित जायसवाल, गोरख जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल, मनोज गुप्ता, शंभु जायसवाल, उमेश जायसवाल, सीए संजय गुप्ता, सतेंद्र जायसवाल, मनोज जायसवाल, पवन जायसवाल के साथ-साथ अन्य सदस्य उपस्थित रहे। महिला सदस्यों में लीला जायसवाल, उषा जायसवाल, बबीता जायसवाल, सुमन जायसवाल, रिंकू जायसवाल, पूजा जायसवाल, रूपा जायसवाल के साथ-साथ अन्य महिलाएं भी उपस्थित रही।

### राणाघाट रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान, गंदगी फैलाने पर 3,900 रुपये का वसूला जुर्माना

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा स्वच्छता और साफ-सफाई को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में 14 और 15 अप्रैल को राणाघाट रेलवे स्टेशन पर एक व्यापक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों, विक्रेताओं और अन्य रेलवे उपयोगकर्ताओं को स्टेशन परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस अभियान के दौरान कूड़ा-करकट फैलाने से रोकने और सही तरीके से कचरे को कूड़ेदान में फैंकने पर जोर दिया गया। इस अभियान में




मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, आरपीएफ और सफाईकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 19 लोगों से 3,900 का जुर्माना वसूला गया। साथ ही, 39 लोगों को स्वच्छता के प्रति परामर्श देकर जागरूक किया गया।

### हावड़ा में बांग्ला नववर्ष बरण उत्सव का भव्य आयोजन



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के न्यू कलेक्टरेट बिल्डिंग स्थित पथेर दाबी हॉल में बांग्ला दिवस (नववर्ष बरण) का उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन हावड़ा, डीआईसीओ द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत राज्य गीत के साथ हुई, जिसके बाद वक्तव्यों, गीतों और कविताओं की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। इस विशेष अवसर पर सहकारी सभाधिपति अजय भट्टाचार्य, कर्माध्यक्ष (नारी एवं शिशु कल्याण) रिजिया खातून, अतिरिक्त जिलाधिकारी (भूमि सुधार) अजार जिया (आईएएस), अतिरिक्त जिलाधिकारी (सामान्य) दिव्या मुरूगेशन (आईएएस), अतिरिक्त जिलाधिकारी (विकास) सुदीप घोष (डब्ल्यूबीसीएस-कार्यपालक), एस.डी.ओ. अमृता रॉय बर्मन, डीआईसीओ सोमाश्री पाल, एसडीआईसीओ (सदर) निर्मल कुमार बगानी और एसडीआईसीओ (उलुबेड़िया) नारायण चंद्र रॉय की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## पूर्व रेलवे ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती कोलकाता स्थित मुख्यालय फेयरली प्लेस में श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देवुस्कर ने दीप प्रज्वलन कर किया और डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक सुमित सरकार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी जरीना फिरदौसी, विभिन्न विभागों के प्रधान अधिकारीगण तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति एसोसिएशन के सचिव समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने डॉ. अंबेडकर के भारत के संविधान निर्माण में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करते हुए, शिक्षा, सामाजिक समानता और आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने बाबासाहेब को भारतीय इतिहास की एक महान विभूति बताते हुए कहा कि उन्होंने जातिगत भेदभाव के खिलाफ जो संघर्ष किया, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणा है।

इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अंबेडकर के समाज सुधारक



योगदानों को प्रदर्शित किया गया। साथ ही भारत में सामाजिक न्याय के शिल्पकार विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह मंडलों के अलावा कांचरापाड़ा, लिलुआ और जमालपुर कार्यशालाओं में भी डॉ. अंबेडकर की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम अनुसूचित जाति एवं जनजाति एसोसिएशन की मुख्यालय शाखा द्वारा फेयरली प्लेस में आयोजित किया गया।



## न्यूज इन ब्रीफ

### मायावती लखनऊ में 16 अप्रैल को बसपा की अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगी

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती बुधवार को यहां उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगी। पार्टी की ओर से मीडिया को दी गई जानकारी के अनुसार, लखनऊ के मॉल एवेन्यू में बसपा के राज्य कार्यालय में होने वाली इस बैठक में दोनों राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारी और सभी जिला अध्यक्ष शामिल होंगे। इसमें कहा गया है कि बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी। पार्टी ने बताया कि बैठक में जमीनी स्तर की तैयारियों की समीक्षा, अब तक सौंपे गए प्रमुख संगठनात्मक कार्यों की प्रगति के आकलन और जनता के बीच पार्टी की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए भविष्य की रणनीति तैयार करने पर सर्वाधिक ध्यान दिया जाएगा।

### राजस्थान के बाड़मेर में पारा 45.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

**जयपुर :** राजस्थान के अनेक इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है और मंगलवार को सीमावर्ती बाड़मेर में अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को जैसलमेर में अधिकतम तापमान 45 डिग्री, फलोदी में 44.4 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 43.1 डिग्री, जालौर में 42.4 डिग्री, बीकानेर में 42.3 डिग्री, जोधपुर में 42.2 डिग्री, चूरू में 41.4 डिग्री और कोटा में 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई 28 अप्रैल तक टली

**सुलतानपुर (उप्र) :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में मंगलवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन वादी की तरफ से गवाह पेश नहीं होने के कारण यह सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तिथि नियत की है।राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को मानहानि मामले में सुनवाई होनी थी, लेकिन वादी की तरफ से गवाह न पेश होने पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तिथि नियत की है। पिछली सुनवाई 3 अप्रैल को हुई थी।वादी के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि आज गवाह का बयान होना था।

# भाजपा ने 400 सीट जीती होती तो संविधान खत्म हो गया होता: अखिलेश



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि यदि भाजपा ने 400 सीट पर जीत दर्ज की होती तो सड़कों पर राइफलें और तलवार निकले होते और संविधान खत्म हो गया होता। लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, भाजपा सरकार में अराजकता अपने चरम पर है। असामाजिक तत्व खुलेआम लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। क्या यही कानून और संविधान का राज है। उन्होंने कहा, यदि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 सीट जीती होती तो सड़कों पर राइफलें और तलवारें निकल चुकी होतीं और संविधान खत्म हो गया होता। करणी सेना के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर दी गई धमकियों के जवाब में यादव ने कहा, ये सभी भाजपा के लोग हैं.. भाजपा के सैनिक। जिस दिन हमारी एनएसजी सुरक्षा केंद्र द्वारा हटाई गई, हमें उनकी मंशा पता चल गई। मैं डरूंगा नहीं। जिन्होंने एनएसजी सुरक्षा रखी है, वे कायर हैं। उन्हें भी अपनी एनएसजी सुरक्षा लौटा देनी चाहिए। राजशाही और इतिहास पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए यादव ने कहा, हम राजाओं के खिलाफ नहीं हैं। एक राजा की कोई जाति नहीं होती.. वह बस राजा होता है। यदि इतिहास प्रगति, सामाजिक सौहार्द और एकता के रास्ते बाधा बने तो उसे छोड़ देना चाहिए। सांप्रदायिक ताकतों से लड़ने की अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सपा नेता ने कहा, हम भाजपा की असंवैधानिक कार्रवाई, अन्याय और अराजकता के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को भगवान और संविधान की आत्मा बताया। यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा जानबूझकर किसानों की परेशानी, बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दों से ध्यान भटका रही है। भाजपा न्याय सुनिश्चित नहीं करना चाहती। यह पार्टी पीडीए के लिए आरक्षण के खिलाफ है। भर्ती में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस और अध्यापक भर्ती में आरक्षण के साथ छेड़छाड़ की गई।

### हेमंत सोरेन झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए, उनके पिता शिबू सोरेन 'संस्थापक संरक्षक' बने

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मंगलवार को सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया वहीं उनके पिता शिबू सोरेन को पार्टी का ''संस्थापक संरक्षक'' बनाया गया। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन पिछले 38 वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख थे, जबकि उनके बेटे हेमंत 2015 से पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे। झामुमो के 13वें केंद्रीय अधिवेशन के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता नलिन सोरेन ने संस्थापक संरक्षक के रूप में शिबू सोरेन के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन स्टीफन मरांडी ने किया। इसके बाद शिबू सोरेन ने झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष के रूप में हेमंत सोरेन के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

## न्यूज अपडेट

### मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करते-करते कांग्रेस खुद पंक्चर हो गई: केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह दशकों तक की गई अपनी मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति के चलते दयनीय हालत में पहुंच गई है। मौर्य ने मंगलवार को कटाक्ष करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राजनीति का इतिहास 'गवाह' है कि दशकों तक मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करते-करते कांग्रेस खुद 'पंक्चर' हो गई है।' उन्होंने कहा, ''इस कड़वी सच्चाई के बावजूद वह (कांग्रेस) अभी भी ज़मीनी हक़ीक़त से कोसों दूर है। सच यह भी है कि क्षेत्रीय दलों की बैसाखियों पर घिसटने के अलावा उसके सामने कोई दूसरा रास्ता ही नहीं है।'' मौर्य ने कहा, ''इस सबके बावजूद उसमें अकड़ ऐसी है जैसे देश का भार उसी पर हो। विपक्ष में होने के बावजूद उसका व्यवहार सत्ता पक्ष जैसा है। लोकतंत्र के बजाय गांधी परिवार की छाया में 'राजशाही' में यकीन करने वाली कांग्रेस को संविधान की कभी फ़िक्र नहीं रही है।' उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के इतिहास में बस एक फर्क यह आया है कि अब वह गांधी जी के 'खादी' को तिलांजलि देकर 'टी-शर्ट' पर आ गई है। मौर्य ने कहा, ''इसका प्रभाव भी जनता पर बेअसर है क्योंकि पांच बार सांसद बनने के बाद भी श्री राहुल गांधी का मतलब ही 'नामुमकिन' है। दूसरी तरफ यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मतलब ही 'मुमकिन' है। उनके नेतृत्व में भाजपा देश की 'तस्वीर' बदल रही है, जबकि कांग्रेस केवल मुस्लिम समाज को 'पंक्चर' वाला ही देखना चाहती है।'

### बहराइच में सड़क दुर्घटना में एक परिवार के पांच लोगों की मौत, 11 घायल

**बहराइच (उप्र) :** बहराइच-गोंडा राजमार्ग पर मंगलवार को 'डबल डेकर' बस और टेंपो के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में एक ही परिवार की दो महिलाओं और दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गयी। टेंपो में सवार परिवार के 11 अन्य लोग घायल हो गये। बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संवाददाताओं से बताया कि बहराइच जनपद के थाना हुज़ूरपुर अंतर्गत ग्राम हिरईपुर निवासी एक परिवार के 16 लोग एक टेंपो पर सवार होकर पयागपुर थानांतर्गत कोलुहवा गांव में अपने रिश्तेदार के घर आयोजित एक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। टेंपो चालक सड़क पर जा रहे एक ट्रैक्टर को ओवरटेक कर रहा था, तभी बहराइच से गोंडा जा रही एक बस की टेंपो से आमने सामने की टक्कर हो गयी। इस हादसे में अमजद (45), फहाद (05), अजीम (12), मरियम (65) और मुन्नी (45) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी। हादसे में घायल 11 अन्य लोगों को बहराइच के महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय में भर्ती कर इलाज कराया जा रहा है। मृतक बच्चे की मां ने जिला चिकित्सालय में पत्रकारों को बताया कि कोल्हुवा गांव में मोहम्मद याकूब का निकाह हुआ था और आज उसकी 'दावते वलीमा' (प्रीति भोज) थी। उसने कहा कि परिवार के 16 लोग टेंपो से इसी भोज में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने जिला अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल-चाल लिया।

### राजस्थान: कोटा में नीट की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**कोटा :** राजस्थान के कोटा में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे 21 वर्षीय अभ्यर्थी की मंगलवार सुबह संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि अभ्यर्थी की एक वर्ष पहले 'बाईपास सर्जरी' हुई थी।पुलिस के मुताबिक, राज्य के पाली जिले का रहने वाला देवकरण सैनी पिछले पांच महीने से 'हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी' में एक पीजी रूम में रहकर खुद से पढ़ाई कर रहा था।कुन्हाड़ी थाने के सहायक उपनिरीक्षक अनिल शर्मा ने बताया कि सैनी सुबह करीब आठ बजे लाइब्रेरी से निकला और सड़क किनारे एक दुकान पर चाय पीने के लिए रुका।उन्होंने बताया कि चाय का इंतजार करते समय सैनी अचानक बेहोश हो गया और मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर उसे एमबीएस अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अधिकारी ने बताया कि सैनी के दिल में जन्म से ही छेद था और एक वर्ष पहले एम्स में उसकी सर्जरी हुई थी।उन्होंने बताया कि ठीक होने के बाद सैनी नीट की तैयारी शुरू करने के लिए नवंबर में कोटा आ गया हालांकि, उसे शहर के किसी भी कोचिंग संस्थान में दाखिला नहीं मिला, जिसके बाद उसने खुद से पढ़ाई की और ऑनलाइन कोचिंग ली।

## संभल: अतिक्रमण की शिकायत पर दरगाह की जमीन का निरीक्षण, अवैध अस्पताल सील



**संभल (उप्र) :** जिला प्रशासन द्वारा यहां एक दरगाह की भूमि पर कथित अतिक्रमण की जांच के आदेश दिए जाने के कुछ दिनों बाद सरकारी अधिकारियों की एक टीम ने मंगलवार को दरगाह का निरीक्षण किया और परिसर में 'अवैध' रूप से चल रहे एक अस्पताल को सील कर दिया गया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व कर रहे चंदौसी के तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में एक शिकायत मिलने पर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि विवादित जमीन वक्फ की संपत्ति बताई जा रही है। वक्फ बोर्ड के मुताबिक विवादित जमीन आधिकारिक तौर पर उसके रिकॉर्ड में दर्ज है। कुछ लोग अपने आपको इस दरगाह का मुतवल्ली होने का दावा करते हैं, लेकिन वर्तमान में इन्हें मान्यता नहीं है।सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ता चिकित्सक जावेद इन्हीं दावेदारों में से एक हैं और उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इस जमीन की कानूनी स्थिति का पता लगाने के लिए रिकॉर्ड की गहनता से जांच की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. विश्वास अग्रवाल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि दरगाह में एक अस्पताल संचालित किया जा रहा है जिसे सील कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### कांग्रेस ने तेजस्वी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने से इनकार कर अपमान किया: जद(यू)

**पटना :** जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) ने मंगलवार को दावा किया कि कांग्रेस ने विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव का नाम घोषित करने से कथित तौर पर इनकार करके पूर्व उपमुख्यमंत्री का अपमान किया है। दिल्ली में मौजूद यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से दोनों दलों के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में मुलाकात की। यादव ने मीडिया से महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे के बारे में अटकलें न लगाने का आग्रह किया और कहा कि घटक दल आपस में बात करके फैसला करेंगे।

## कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री खाचरियावास समेत अन्य के कई परिसर पर ईडी की छापेमारी



**जयपुर :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 48,000 करोड़ रुपये के पीएसीएल पोंजी धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को यहां कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास तथा कुछ अन्य के कई परिसर पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ईडी द्वारा खाचरियावास के जयपुर स्थित घर और एक अन्य व्यक्ति कुलवंत सिंह के घर समेत करीब 15 परिसर की तलाशी ली जी रही है। ईडी के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक सुरक्षा टीम तैनात की गई है। उल्लेखनीय है कि 55 वर्षीय कांग्रेस नेता खाचरियावास, पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में परिवहन, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री रह चुके हैं। वे सिविल लाइंस (जयपुर) सीट से विधायक रहे हैं। वे पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत के भतीजे हैं। यहां अपने पैतृक घर के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में खाचरियावास ने कहा कि ईडी की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है, क्योंकि वह (राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार) के खिलाफ बोलते रहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह ईडी से डरते नहीं हैं।


## अमित शाह ने कहा है 'पापा' बिहार के मुख्यमंत्री बने रहेंगे: नीतीश कुमार के पुत्र निशांत



**पटना :** जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख नीतीश कुमार के पुत्र निशांत ने मंगलवार को दावा किया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के बाद भी कुमार राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। सैंतालीस-वर्षीय निशांत ने यहां अपने एक रिश्तेदार की सगाई समारोह में पत्रकारों से बातचीत की। इस समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद थे, लेकिन उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। जब निशांत का ध्यान विपक्ष के इस दावे की ओर आकृष्ट किया गया कि विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उनके पिता को हटा सकती है, क्योंकि वह (भाजपा) जद(यू) प्रमुख कुमार (74) के सहयोगी की भूमिका निभाकर अब उकता चुकी है, तो निशांत ने आश्चर्य व्यक्त किया। निशांत ने कहा, ''चुनावों में राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) की जीत के बाद मेरे पिता के मुख्यमंत्री बने रहने को लेकर कोई संदेह नहीं है। अमित शाह 'अंकल' ने हाल ही में बिहार के दौरे के दौरान ऐसा कहा था। सम्राट चौधरी (उपमुख्यमंत्री) ने भी यही कहा है।'' उल्लेखनीय है कि शाह पिछले महीने बिहार के दौरे पर थे, उस वक्त उन्होंने एक सरकारी समारोह में नीतीश कुमार के साथ मंच साझा किया था। दोनों नेता मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित राजग के घटक दलों की एक बैठक में भी साथ थे।

## समीक्षा मनोरंजन

## डायनासोरों की दोस्ती



एक समय की बात है, बहुत दूर किसी देश में, डायनासोरों का एक समूह था जो हरी-भरी घाटी में एक साथ रहते थे। इनमें रेक्स द टायरानोसॉरस, ट्रिसिया द ट्राइसेराटॉप्स और स्पाइक द स्टेगोसॉरस शामिल थे। वे सबसे अच्छे दोस्त थे और अपना पूरा दिन घाटी की खोज, खेल खेलने और महत्वपूर्ण सबक सीखने में बिताते थे।

एक दिन धूप में, जब वे एक चमकदार नदी के पास खेल रहे थे, उन्होंने देखा कि टिम्मी नाम का एक छोटा डायनासोर तेजी से बहते पानी को पार करने के लिए संघर्ष कर रहा था। एक पल की झिझक के बिना, रेक्स, ट्रिसिया और स्पाइक उसकी मदद के लिए दौड़ पड़े। एक साथ काम करते हुए, उन्होंने अपने मजबूत शरीर के साथ एक पुल बनाया, जिससे टिम्मी सुरक्षित रूप से दूसरी तरफ पार कर सके।

उनके टीम वर्क और दयालुता से प्रभावित होकर, टिम्मी ने उनका आभार व्यक्त किया और पूछा कि क्या वह उनके समूह में शामिल हो सकता हैं। प्रसन्न होकर, रेक्स, ट्रिसिया और स्पाइक ने खुली बांहों से उसका स्वागत किया। उस दिन के बाद से, उनकी टीम बहुत मज़बूत बन गयी।

जैसे-जैसे दिन बीतते गए, डायनासोरों को घाटी में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्हें एक खतरनाक पहाड़ का सामना करना पड़ा जिस पर उन्हें चढ़ना था, और एक गहरी गुफा का पता लगाना था। हर बार, उन्होंने अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए अपनी दोस्ती, एकता और दृढ़ संकल्प पर भरोसा किया।

एक दिन, घाटी में एक भयानक तूफ़ान आया, जिससे भयंकर बाढ़ आ गई। वहां पानी का स्तर तेजी से बढ़ गया और सभी डायनासोर एक छोटे से द्वीप पर फंस गए । जैसे ही वे एक साथ इकट्ठा हुए, रेक्स ने, सबसे बड़ा और मजबूत होने के नाते, एक योजना बनायीं । उसने सुझाव दिया कि वे एक-दूसरे की पूंछ पकड़कर एक श्रृंखला बनाएंगे, और एक सुरक्षित जगह तक पहुंच जायेंगे।

आख़िरकार, वे एक सुरक्षित स्थान पर पहुँच गए और बाढ़ का पानी धीरे-धीरे कम होने लगा।

सभी डायनासोर बहुत थक गए थे , परन्तु अब उनको टीम वर्क की अपार शक्ति का अहसास हो चूका था।

वे समझ गए कि एक-दूसरे की मदद करना कितना महत्वपूर्ण है, खासकर जरूरत के समय में। उन्होंने हमेशा एक-दूसरे के लिए मौजूद रहने और जब भी किसी को जरूरत होगी मदद का हाथ बढ़ाने का वादा किया। उस दिन से, रेक्स, ट्रिसिया, स्पाइक और टिम्मी को डिनो ड्रीम टीम के रूप में जाना जाने लगा।

**कहानी की शिक्षा**

कहानी का सार यह है कि जब हम एक साथ काम करते हैं और एक-दूसरे का समर्थन करते हैं, तो हम किसी भी चुनौती पर काबू पा सकते हैं। डिनो ड्रीम टीम की तरह, हमें अपने दोस्तों की मदद करने और मुसीबत के समय में उनके साथ रहने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। याद रखें, एकता ही ताकत है और साथ मिलकर हम हर मुश्किल को आसान बना सकते हैं।

## एक मजबूत दोस्ती की कहानी

एक बार की बात है, एक छोटे से गाँव में रवि और रोहित नाम के दो सबसे अच्छे दोस्त रहते थे। उन्हें कोई अलग नहीं कर सकता था और वे सब कुछ एक साथ करते थे। वे अपना लंच साझा करते थे, एक साथ खेलते थे और यहां तक कि एक साथ पढ़ाई भी करते थे।

उनकी दोस्ती पुरे शहर में चर्चा का विषय थी, और लोग उनके बंधन की प्रशंसा करते थे। एक दिन, रवि के पिता का स्थानांतरण दूसरे शहर में हो गया, और रवि को दूर जाना पड़ा। जब रोहित ने यह खबर सुनी तो वह टूट गया लेकिन उसने अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ संपर्क में रहने का वादा किया।

दिन हफ्तों में और हफ्ते महीनों में बदल गये, लेकिन रोहित को रवि का कोई पत्र या फोन नहीं आया। वह चिंतित था और उसे अपने मित्र की बहुत याद आती थी। उन्होंने रवि को पत्र लिखकर अपनी चिंता व्यक्त करने और उनका हालचाल पूछने का फैसला किया।

कुछ दिनों के बाद, रोहित को रवि का एक पत्र मिला, जिसमें उसने संपर्क न रख पाने के लिए माफ़ी मांगी और बताया कि वह नए शहर में तालमेल बिठाने में कठिन समय से गुज़र रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्हें अपने दोस्त और उनके बंधन की याद आती है और उन्होंने अब से एक बेहतर दोस्त बनने का वादा किया।

रोहित अपने सबसे अच्छे दोस्त की बात सुनकर रोमांचित हो गया और उसने उसे अपने प्यार और समर्थन का आश्वासन देते हुए तुरंत जवाब लिखा। उन्होंने नियमित रूप से पत्र लिखना, अपने अनुभव साझा करना और एक-दूसरे को अपने जीवन के बारे में जानकारी देना शुरू कर दिया।

साल बीतते गए और रवि और रोहित दोनों बड़े होकर सफल व्यक्ति बन गए। उन्होंने अपने सपनों का पीछा किया, लेकिन उनकी दोस्ती बरकरार रही। वे पत्र लिखते रहे और जब भी मौका मिलता, मिलते और साथ समय बिताते।

उनकी दोस्ती समय, दूरी और यहां तक कि जीवन के उतार-चढ़ाव की कसौटी पर खरी उतरी थी। वे वास्तव में एक-दूसरे का सपोर्ट सिस्टम बन गए थे और उन्होंने एक-दूसरे का विश्वास और प्यार अर्जित किया था।

**नैतिक शिक्षा**

इस कहानी की सीख यह है कि सच्ची दोस्ती एक दुर्लभ और अनमोल उपहार है। इसके लिए दोनों पक्षों के प्रयास, प्रतिबद्धता और विश्वास की आवश्यकता होती है। यहां तक कि जब जिंदगी हमें अलग-अलग रास्तों पर ले जाती है, तब भी सच्चे दोस्त हमेशा एक-दूसरे के पास वापस आने का रास्ता ढूंढ ही लेते हैं। यह एक ऐसा बंधन है जो जीवन भर चलता है और अनगिनत तरीकों से हमारे जीवन को समृद्ध बनाता है।

इसलिए, अपने दोस्तों की कद्र करें और अपनी दोस्ती बनाए रखने का प्रयास करें। याद रखें कि एक मजबूत दोस्ती किसी भी बाधा को पार कर सकती है, और सच्चे दोस्त हमेशा आपके लिए रहेंगे, चाहे कुछ भी हो।

## रंगीन अंडे देने वाली मुर्गी



एक समय की बात है, एक छोटे से गाँव में, एक बहुत ही खास मुर्गी रहती थी। यह मुर्गी कोई साधारण मुर्गी नहीं थी - उसमें रंगीन अंडे देने की अद्भुत क्षमता थी! इस अद्भुत मुर्गी की खबर तेजी से पूरे गांव में फैल गई, और हर कोई उसके रंगीन अंडों को देखने को उत्सुक था। यह बात गाँव के स्कूल तक पहुंच गई और पहली कक्षा के बच्चे इस अद्भुत मुर्गी के बारे में और अधिक जानने के लिए विशेष रूप से उत्साहित थे।

एक दिन सुबह, मुर्गी के मालिक, मोहन नाम के एक दयालु किसान ने मुर्गी को स्कूल में लाने का फैसला किया ताकि बच्चे उसे खुद देख सकें। जैसे ही मोहन मुर्गी को गोद में लेकर कक्षा में दाखिल हुआ, तो बच्चे बहुत खुश हो गए ।

मोहन ने धीरे से मुर्गी को कक्षा के बीच में एक रंगीन चटाई पर रख दिया। मुर्गी ख़ुशी से कुड़कुड़ाने लगी, बच्चे चारों ओर इकट्ठे हो गए, उनकी आँखें आश्चर्य से भर गईं।

और फिर, जादू की तरह, मुर्गी ने अपना पहला अंडा दिया। लेकिन ये कोई आम अंडा नहीं था. वह चमकीला नीला रंग था, बिलकुल गर्मियों के साफ़ आसमान की तरह। बच्चे आश्चर्य से देखने लगे, उन्हें अपनी आँखों पर विश्वास नहीं हो रहा था।

मुर्गी का मालिक मुर्गी को रोज़ स्कूल ले जाता

जैसे-जैसे दिन बीतते गए, मुर्गी अलग-अलग रंग के अंडे देती रही। प्रत्येक नये रंग के अण्डे देखकर बच्चे बहुत खुश होते थे।

बच्चे यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते थे कि मुर्गी के अंडे अगले किस रंग के होंगे। वे हर सुबह मुर्गी के पास इकट्ठा होते थे और जादुई अंडे देने का इंतज़ार करते थे। जब भी कोई नया अंडा सामने आता तो वे खुशी से खिलखिलाते और ताली बजाते।


अंडे न केवल दिखने में शानदार थे, बल्कि उनका स्वाद भी स्वादिष्ट था। मोहन अंडे इकट्ठा करता था और उन्हें बच्चों के साथ बांटता था, जो दोपहर के भोजन के समय उन्हें खाते थे। अंडे न केवल बच्चों में उत्साह बल्कि एकता की भावना भी लेकर आए।

कहानी की शिक्षा

यह हमें याद दिलाती है कि कभी-कभी, सबसे सामान्य चीजें भी सबसे असाधारण हो सकती हैं। यह हमें उस सुंदरता की सराहना करना सिखाता है जो सबसे सरल चीजों में पाई जा सकती है, जैसे कि रंगीन अंडे देने वाली मुर्गी।

पहली कक्षा के जिन बच्चों ने इस जादुई मुर्गी को देखा, वे बड़े होकर अपने बच्चों और पोते-पोतियों को उस अविश्वसनीय मुर्गी के बारे में बताने लगे जो उनके जीवन में रंग और खुशी लेकर आई।

## असली हक़दार कौन



एक जंगल में बहुत से जानवर रहते थे। उन जानवरों में से एक बंदर भी था और वह बहुत आलसी और स्वार्थी था। उस बंदर ने आसपास के गांव वालो को बहुत तंग कर रखा था। उस जंगल के पास एक नदी थी जिसमे एक कछुआ भी रहता था जो बहुत मेहनती था।

एक दिन कछुए ने मधुमक्खियां के काम में उनकी सहायता की। वे अपने छत्ते को छोड़कर दूसरी जगह जा रही थी। उन्होंने कछुए को उनकी सहायता करने के बदले में एक थैली में शहद भरकर दिया।

कछुआ जब उस शहद की थैली को लेकर अपने घर जा रहा था तो उसे सड़क के किनारे एक सूखा पेड़ दिखाई दिया। उसी समय कछुए को एक विचार आया क्यों ना मैं कुछ सुखी लकड़ियां ले लूं और घर जाकर उसपर पुलाब बनाकर शहद के साथ खाऊंगा। कछुए ने थोड़ी सी लकड़ियां लाकर रख दी जैसे ही वह दूसरी बार लकड़ियां लेने के लिए गया और वापस आके देखा तो उसकी थैली को बंदर लेकर बैठा हुआ था।

बन्दर ने जैसे ही कछुए को देखा वह बोला - कछुए भाई।

यह देखो आज का दिन मेरे लिए कितना अच्छा है मुझे यह शहद की थैली यहां मिली।

कछुआ बोलै - यह शहद की थैली तो मेरी है मुझे वापस कर दो, मैं लकड़ियां लेने गया था।

परंतु बंदर ने बोला कि है यह थैली मुझे मिली है तो यह मेरी हुई। मैं तुम्हें नहीं दूंगा और यह कहकर बंदर वहां से भाग गया।

उसके अगले दिन सड़क के किनारे एक पेड़ के पास बंदर बैठा हुआ था और उसकी लंबी पूँछ सड़क के बीचो-बीच पड़ी हुई थी। तभी कछुआ वहां से जा रहा होता है और सड़क पर पड़ी उसे बंदर की पूँछ को अपने दांतों से काट लेता है।

जैसे ही कछुआ बंदर की पूंछ को काटता है बंदर बहुत जोरों से चीखता है और कहता है अरे कछुए यह मेरी पूँछ है इसे छोड़ दो।

कछुआ बंदर की पूंछ को अपने पैरों से दबा लेता है कहता है सड़क पर पड़ी हुई चीज जिसको मिले उसकी होती है और यह पूँछ सड़क पर पड़ी हुई थी तो मेरी हुई।

यह सुनकर बंदर को समझ में आ गया की दुसरो की चीज पर अपना हक़ नहीं जमाना चाहिए। और बंदर ने कछुए की शहद की थैली वापस लाकर दे दी।

# भारत के स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र ने मोदी सरकार के कार्यकाल में लंबी छलांग ली: नड्डा

**ऋषिकेश :** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र ने नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में एक लंबी छलांग लगाई है और देश में एम्स की संख्या बढ़कर 23 हो गयी है, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे है। नड्डा ने ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित एम्स सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। उन्होंने कहा, इस सदी के आगमन तक दिल्ली में एम्स देश में अपनी तरह का एकमात्र संस्थान था। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री बनने



के बाद छह एम्स और स्थापित किए गए जिनमें से एम्स-ऋषिकेश एक है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नड्डा ने कहा, लेकिन पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में 16 और एम्स बनाये गये जिससे कुल संख्या 23 हो गई। उन्होंने 'टेलीमेडिसिन' के प्रसार के क्षेत्र में अच्छा काम करने और दूरद-राज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर दिल्ली स्थित एम्स और चंडीगढ़ स्थित पीजीआई के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए ऋषिकेश स्थित एम्स की प्रशंसा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने हेलीकॉप्टर और ड्रोन सेवाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए ऋषिकेश स्थित एम्स की सराहना की, जिसमें 309 गंभीर रोगियों को बचाया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले वर्ष अक्टूबर में 'एयर एंबुलेंस' सेवा की शुरुआत की थी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या पिछले 10 वर्षों में 387 से बढ़कर 780 हो गई है, जो दर्शाती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ऐसे दूरस्थ स्थानों पर भी मेडिकल कॉलेज खोले गये हैं, जहां कोई भी एक समय में उनकी कल्पना नहीं कर सकता था। नड्डा ने आज के नीति निर्माताओं के दृष्टिकोण के लिए सुधारात्मक परिवर्तनों को जिम्मेदार ठहराया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने डेनमार्क की अपनी समकक्ष से विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डेनमार्क की अपनी समकक्ष मेटे फ्रेडरिक्सन से विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर मंगलवार को चर्चा की। इस दौरान, दोनों नेत-ाओं ने भारत-डेनमार्क हरित रणनीतिक साझेदारी के लिए अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि भी की। आधिकारिक बयान के मुताबिक, मोदी ने फ्रेडरिक्सन से बातचीत के दौरान कहा कि वह इस साल के अंत में नॉर्वे में होने वाले तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन और उससे इतर फ्रेडरिक्सन के साथ अपनी बैठक को लेकर उत्सुक हैं। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने 2020 में हरित रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत के बाद भारत और डेनमार्क के बीच हुए उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान को याद किया और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी के विस्तार ने हरित ऊर्जा अपनाने में भारत की मदद की दिशा में डेनिश निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाईं।

## फीस वृद्धि : रेखा गुप्ता ने स्कूलों को नोटिस जारी करने की बात कही, कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि उन विद्यालयों को नोटिस जारी किया गया है जिनके विरूद्ध मनमाने ढंग से फीस वृद्धि की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार शिक्षा में पारदर्शिता एवं बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के प्रति कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि इन विद्यालयों से जवाब मांगा गया है, जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा ''किसी भी विद्यालय को फीस के लिए अभिभावकों को परेशान करने या विद्यार्थियों को अनुचित तरीके से निकालने का अधिकार नहीं है।'' यहां एक 'जन संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री को मॉडल टाउन के एक निजी विद्यालय के बारे में शिकायत मिली कि वह कथित तौर पर फीस बढ़ा रहा है और विद्यार्थियों को निष्कासित कर रहा है। गुप्ता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस



घटना को साझा करते हुए कहा, ''आज मॉडल टाउन स्थित क्वीन मैरी स्कूल से जुड़ा मामला सामने आया, जहां अभिभावकों ने अनुचित फीस वसूली और विद्यार्थियों को स्कूल से निकाले जाने की शिकायत की।'' मुख्यमंत्री ने एक अधिकारी से बात की और उन्हें मॉडल टाऊन के क्वीन मैरी स्कूल का पंजीकरण तत्काल रद्द करने का निर्देश दिया। इस स्कूल की ओर से इस पूरे प्रकरण पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। इस विद्यालय की एक छात्रा के माता-पिता ने आरोप लगाया कि विद्यालय ने पिछले साल अपनी फीस अचानक बढ़ा दी। उन्होंने कहा, जब हमने अतिरिक्त राशि देने से इनकार कर दिया, तो स्कूल ने मेरी बेटी को पुस्तकालय में बिठा दिया और उसे किसी भी कक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है और अधिकारियों को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना अश्लील टिप्पणी मामले में साइबर पुलिस के समक्ष पेश हुए

**मुंबई :** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो के दौरान अश्लील टिप्पणी के मामले में मंगलवार को महाराष्ट्र साइबर पुलिस के समक्ष पूछताछ के लिए पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र साइबर ने इलाहाबादिया और रैना के खिलाफ तीन समन जारी कर उन्हें मुंबई में जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए कहा था। उन्होंने बताया कि वे दोनों दक्षिण मुंबई के कफ परेड इलाके में स्थित महाराष्ट्र साइबर कार्यालय में पहुंचे। इलाहाबादिया पिछले सप्ताह अपना बयान दर्ज कराने के लिए महाराष्ट्र साइबर पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। महाराष्ट्र साइबर कार्यालय साइबर और सूचना सुरक्षा प्रभाग है जो महाराष्ट्र गृह विभाग के अधीन है।

### मेइती समूह ने पवित्र स्थल पर जाने की अनुमति नहीं मिलने का किया दावा, गृह मंत्रालय को पत्र लिखा

**नयी दिल्ली :** मेइती समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले एक समूह ने गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर दावा किया है कि उसे मणिपुर में समुदाय के पवित्र स्थल थांगजिंग हिल पर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही और इस सिलसिले में केंद्र से हस्तक्षेप करने की मांग की है। पत्र में 'मेइती हेरिटेज वेलफेयर फाउंडेशन' ने आरोप लगाया है कि वहां नाकाबंदी की जा रही है और चिन-कुकी उग्रवादियों और नागरिक संस्था समूहों द्वारा उस स्थल पर जाना चाहने वाले मेइती तीर्थयात्रियों को धमकियां दी जा रही हैं। पत्र में केंद्र सरकार से आग्रह किया गया है कि वह थांगजिंग हिल पर जा रहे मेइती तीर्थयात्रियों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

### एनआईए ने आतंकी साजिश मामले में पाकिस्तानी आका सहित तीन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया


**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में हथियार और गोला-बारूद जब्त करने से जुड़े आतंकी साजिश के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिन तीन आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है, उनमें एक पाकिस्तान में रह रहा आतंकियों का आका भी शामिल है। जम्मू में एनआईए की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर आरोपपत्र में अब्दुल अजीज, मुनव्वर हुसैन और नजीर हुसैन उर्फ नजीर अहमद उर्फ शाहीन को मामले में आरोपी बनाया गया है। जांच एजेंसी की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, नजीर हुसैन वर्तमान में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सक्रिय है और प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स (जेकेजीएफ) आतंकवादी संगठन से जुड़ा है।

## ईडी ने सहारा समूह के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत लोनावाला में 'एंबी वैली' को कुर्क किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को कहा कि उसने सहारा समूह के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत महाराष्ट्र के लोनावाला में 707 एकड़ में फैली आलीशान एंबी वैली सिटी और उसके आसपास के मनोरम क्षेत्र को कुर्क कर लिया है, जिसकी कीमत 1,460 करोड़ रुपये है। पुणे जिले में सह्याद्रि पर्वतीय क्षेत्र में बसे इस आवासीय शहर को इसके निर्माताओं ने एक समय ''भारत का पहला नियोजित पहाड़ी शहर'' करार दिया था, जिसमें लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली जीवनशैली का अनुभव देने के लिए बड़े गोल्फ कोर्स, झीलें, विला, लकड़ी के बने छोटे घर या झोपड़ियां हैं। 'एंबी वैली सिटी' मुंबई से लगभग 110 किमी और पुणे से लगभग 90 किमी दूर स्थित है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसके कोलकाता कार्यालय द्वारा धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 'एंबी वैली सिटी' को कुर्क करने के लिए एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि यह भूमि सहारा समूह की कंपनियों से प्राप्त धनराशि से ''बेनामी'' नामों से खरीदी गई थी। एजेंसी ने कहा कि सहारा इंडिया और उसकी समूह की कंपनियों के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत लोनावाला (पुणे जिला) स्थित 'एंबी वैली सिटी' और उसके आसपास की कुल 707 एकड़ जमीन को कुर्क कर लिया गया है, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 1460 करोड़ रुपये है।

## राहुल गांधी ने गुजरात कांग्रेस की बैठक की अध्यक्षता की, पदोन्नति और टिकट के लिए मानदंड तय किए

**अहमदाबाद :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार रात अपनी पार्टी की गुजरात इकाई की समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उन्होंने संगठन के भीतर नेत-ाओं की पदोन्नति और चुनाव के लिए टिकट वितरण संबंधी मानदंड तय किए। कांग्रेस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सर्किट हाउस में हुई बैठक में पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल और पार्टी की राज्य इकाई के प्रभारी मुकुल वासनिक के अलावा राज्य में कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता शामिल हुए। गांधी ने राज्य के नेताओं के प्रदर्शन की समीक्षा की और उन्हें 2027 के विधानसभा चुनावों में



इसमें कहा गया कि जो नेता अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहेंगे, उन्हें कोई पद नहीं मिलेगा और जो केवल चुनाव के दौरान सक्रिय होंगे, उन्हें पार्टी का टिकट नहीं मिलेगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि गांधी ने बैठक में उपस्थित पार्टी नेताओं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने का जिम्मा सौंपा गया। विज्ञप्ति के अनुसार, गांधी ने स्पष्ट किया कि अच्छा प्रदर्शन करने वालों को ही पदोन्नति मिलेगी, हर वरिष्ठ नेता की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उन्हें उसी के अनुसार काम सौंपा जाएगा। से कहा कि जनता के बीच रहकर काम करने वाले कार्यकर्ताओं और नेताओं को टिकट दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि गुजरात में पार्टी के सत्ता में आने पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिला अध्यक्षों को मंत्री बनाया जाएगा।

## असमिया भाषा को राज्य में सभी आधिकारिक कार्यों के लिए अनिवार्य घोषित किया गया

**गुवाहाटी :** असम में बराक घाटी के तीन जिलों और बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) के अंतर्गत पांच जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में सभी आधिकारिक कार्यों में असमिया भाषा का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यह जानकारी एक आधिकारिक अधिसूचना में दी गयी है। अधिसूचना के अनुसार, हालांकि सभी सरकारी अधिसूचनाएं, कार्यालय ज्ञापन, अधिनियम, नियम, विनियम, योजना दिशानिर्देश, स्थानांतरण और पोस्टिंग आदेश अंग्रेजी और असमिया दोनों में जारी किए जाएंगे। यह अधिसूचना 15 अप्रैल ('बोहाग'-असमिया नववर्ष) से लागू होगी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इस 'बोहाग' से असम में सभी सरकारी अधिसूचनाओं, आदेशों, अधिनियमों आदि के लिए असमिया अनिवार्य आधिकारिक भाषा होगी। बराक घाटी और बीटीआरआर जिलों में क्रमशः बंगाली और बोडो भाषाओं का इस्तेमाल किया जाएगा।'' राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह और राजनीतिक विभाग) अजय तिवारी की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि बराक घाटी के कछार, हैलाकांडी और श्रीभूमि जिलों में आधिकारिक उद्देश्यों के लिए अंग्रेजी के अलावा बांग्ला भाषा का भी इस्तेमाल किया जाएगा। अधिसूचना में यह भी कह गया है कि इसी तरह, बीटीआर के तहत कोकराझार, चिरांग, बक्सा, उदलगुरी और तामुलपुर में आधिकारिक उद्देश्यों के लिए अंग्रेजी के अलावा बोडो भाषा का भी उपयोग किया जाएगा। इस आशय का निर्णय चार अप्रैल को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया।

## मुंबई आतंकी हमला भारत-पाक संबंधों में महत्वपूर्ण मोड़, पाकिस्तान गलत हरकतों में संलिप्त : जयशंकर

**आणंद :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले से पाकिस्तान के साथ संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया क्योंकि उस समय भारतीयों ने सामूहिक रूप से महसूस किया कि पड़ोसी देश के इस तरह के व्यवहार को अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। चारोतार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एक संवाद सत्र को संबोधित करते हुए जयशंकर ने पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आए परिवर्तन का जिक्र किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके विपरीत, पाकिस्तान जैसा था, वैसा ही बना हुआ है और वह अब भी ''गलत हरकतों में संलिप्त है।''



यह पूछने पर कि भारत सरकार अब सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान पर शायद ही कभी चर्चा करती है, जयशंकर ने स्पष्ट किया कि उस (पाकिस्तान) पर 'कीमती समय' बर्बाद करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, भारत बदल गया है। काश! मैं कह पाता कि पाकिस्तान बदल गया है। दुर्भाग्य से, वे कई मायनों में गलत हरकतों में अब भी लिप्त हैं। मैं कहूंगा कि 26 नवंबर का मुंबई आतंकवादी हमला एक महत्वपूर्ण मोड़ था। मुझे लगता है कि उस समय भारतीय जनता और सभी राजनीतिक दलों ने कहा था कि अब अति हो गया। गुजरात से राज्यसभा सदस्य जयशंकर ने कहा , लोगों को लगा कि देश (भारत) अपने पड़ोसी के इस तरह के व्यवहार को स्वीकार नहीं कर सकता। मुझे लगता है कि समाज में यह भावना बहुत प्रबल थी, लेकिन उस समय सरकार द्वारा इसे पूरी तरह से नहीं समझा गया होगा, जो एक अलग मामला है।

## गोवा में 43 करोड़ रुपये की चार किग्रा से अधिक कोकीन बरामद, तीन गिरफ्तार



**पणजी :** गोवा के इतिहास में मादक पदार्थ की सबसे बड़ी जब्ती के तहत पुलिस ने चॉकलेट और कॉफी के पैकेटों में छुपाकर रखी गई 43 करोड़ रुपये मूल्य की चार किलोग्राम से अधिक कोकीन बरामद की और इस सिलसिले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अब इसे लेकर संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय संपर्कों की जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक (अपराध) राहुल गुप्ता ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि दक्षिण गोवा के चिकालिम गांव में कोकीन रखने के आरोप में पति-पत्नी और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गुप्ता ने बताया, ''4.32 किलोग्राम कोकीन को चॉकलेट और कॉफी के 32 पैकेटों में छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने निबू विन्सेंट और एक दंपति को गिरफ्तार किया है।'' उन्होंने बताया कि यह गोवा में मादक पदार्थ की सबसे बड़ी जब्ती है।

## आरेडिका में मनायी डा. अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती

**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में सोमवार को भारत रत्न डा. भीम राव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त



कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं अम्बेडकर जी की फोटो प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर महाप्रबंधक मिश्रा ने संविधान सभा की अंतिम बैठक के दिन बाबा साहब के विचारों एवं नये भारत के निर्माण के लिए उनकी दूरदर्शिता संबंधी विचारों को साझा किया। अम्बेडकर जी के त्याग, जीवन संघर्षों, महिलाओं एवं सभी समाजों के लोगों तथा विश्व व्यवस्था के लिए किए गये उनके कार्यों पर प्रकाश डाला और लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने एवं अपने जीवन में उन आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया। साथ ही श्री मिश्रा ने कहा कि अगर हम बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर एक दो कदम भी चलेंगे तो इस देश को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता है। आगे इसी क्रम में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, ऑल इण्डिया एससी/एसटी एसोसिएशन के आरेडिका प्रतिनिधि देवनाथ निर्मल एवं ओबीसी एसोसिएशन के प्रतिनिधि ओमप्रकाश ने बाबा साहब के जीवन से संबंधित बहुमूल्य जानकारी को साझा किया।इसी कड़ी में भारत में सामाजिक न्याय के वास्तुकार- डा0 अम्बेडकर विषय पर रेलवे बोर्ड द्वारा निदेशित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को महाप्रबंधक महोदय ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, मुख्य सामग्री प्रबंधक के के कन्नौजिया, मुख्य सामग्री प्रबंधक कामेश्वर पासवान, एनके वर्मा,अनिल कुमार मिश्रा, आरएस बीका, वीके कपूर सहित अन्य अधिकारी, सभी आरेडिका कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू के 11 अप्रैल को पुर्तगाल व स्लोवाकिया की चार



दिवसीय ऐतिहासिक यात्रा से लौटने के कुछ दिन बाद यह मुलाकात हुई है। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।'' कार्यालय ने मुलाकात की तस्वीरें भी साझा कीं।

## ईडी ने राजस्थान कांग्रेस नेता खाचरियावास, पंजाब के 'आप' विधायक कुलवंत सिंह के परिसरों पर छापेमारी की

**जयपुर/मोहाली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 48,000 करोड़ रुपये के पीएसीएल पोंजी धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को राजस्थान में कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक कुलवंत सिंह के परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ईडी द्वारा खाचरियावास के जयपुर स्थित आवास और पंजाब के मोहाली में कुलवंत सिंह के परिसरों समेत करीब 15 परिसरों की तलाशी ली गई। इन नेताओं से जुड़े दोनों स्थानों पर ईडी के दलों के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक सुरक्षा टीम भी तैनात की गई है। उल्लेखनीय है कि 55 वर्षीय कांग्रेस नेता खाचरियावास पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में परिवहन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रह चुके हैं। वह सिविल लाइंस (जयपुर) सीट से विधायक रहे हैं। वह पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत के भतीजे हैं। सिंह (63) जनता लैंड प्रमोटर्स लिमिटेड (जेएलपीएल) नामक एक रियल एस्टेट कंपनी के प्रवर्तक हैं। बताया जाता है कि वह पंजाब के सबसे अमीर विधायक हैं और उनकी संपत्ति कथित तौर पर 1,000 करोड़ रुपये है। खाचरियावास ने यहां अपने पैतृक घर के बाहर संवाददाताओं से कहा कि ईडी की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है ।

## सीबीआई ने 'डिजिटल अरेस्ट' गिरोहों पर शिकंजा कसा, 12 स्थानों पर छापेमारी के बाद चार लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गिरोहों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 स्थानों पर छापेमारी के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने इसे 'ऑपरेशन चक्र-5' करार देते हुए बताया कि सीबीआई ने राजस्थान सरकार के अनुरोध पर दर्ज 'डिजिटल अरेस्ट' के मामले के संबंध में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद और मुंबई में छापेमारी कर दोनों जगहों से दो-दो लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने 42 किस्तों में कुल 7.67 करोड़ रुपये की उगाही की। अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराधियों ने खुद को विभिन्न कानून लागू करने वाली एजेंसियों का अधिकारी बताकर पीड़ित को तीन महीने से अधिक



समय तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया, सीबीआई 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों की जांच में बहुआयामी दृष्टिकोण अपना रही है, जिसमें ऐसे अपराधों के पीछे के बुनियादी ढांचे को खत्म करने पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने हाल के महीनों में 'डिजिटल अरेस्ट' के कई मामले दर्ज किए हैं। एजेंसी ने राजस्थान मामले को अपने हाथ में लेने के बाद व्यापक डेटा विश्लेषण और 'प्रोफाइलिंग' से जुड़ी गहन जांच की। प्रवक्ता ने बताया, सीबीआई ने अपराधियों की पहचान के लिए जांच के उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया। जांच के दौरान प्राप्त सुरागों के आधार पर, सीबीआई ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद व संभल, पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर, मुंबई और जयपुर में 12 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप इस बेहद संगठित अपराध गिरोह में शामिल चार व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई।

## बालीटिकुड़ी सजीब संघ का 75वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न

- एनसीसी के डीडीजी, बीएसएफ के डीआइजी औंर एनडीआरएफ के कमांडेंट समारोह में रहे उपस्थित

**हावड़ा :** हर साल दुर्गा पूजा के भव्य आयोजन से लेकर विभिन्न सामाजिक कार्यों व खेल गतिविधियों में सक्रिय हावड़ा के प्रमुख क्लबों में शामिल बालीटिकुड़ी सजीब संघ का 75वां स्थापना दिवस समारोह (प्लेटिनम जुबली समारोह) मंगलवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। बांग्ला नववर्ष (पोइला बैशाख) के शुभ पर आयोजित स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एनसीसी के पश्चिम बंगाल व सिक्किम निदेशालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (डीडीजी) ब्रिगेडियर एन रोमियो सिंह, बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआ-इजी व जनसंपर्क अधिकारी निल-ोत्पल कुमार पांडेय और राष्ट्रीय



समारोह में उपस्थित एनसीसी के डीडीजी ब्रिगेडियर एन रोमियो सिंह, बीएसएफ के डीआइजी एनके पांडेय और एनडीआरएफ के कमांडेंट गुरमिंदर सिंह।

आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के दूसरी बटालियन के कमांडेंट (पश्चिम बंगाल) सरदार गुरमिंदर सिंह सहित अन्य विशिष्ट जन उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत में सुबह बालीटिकुड़ी ब्राम्हणपाड़ा स्थित संस्था के विशाल आटचला मैदान से भव्य व आकर्षक प्लेटिनम जुबली रैली (पदयात्रा) निकाली गई, जिसमें 2,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस पदयात्रा में विभिन्न टैबलो सहित पुरुलिया का पारंपरिक लोक नृत्य झऊ समेत राज्य के विभिन्न लोक नृत्यों एवं डांडिया आदि को महिलाओं, बच्चों व कलाकारों की टोलियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। पदयात्रा में 100 मीटर लंबा राष्ट्रीय झंडा लेकर भी युवाओं की एक टीम मौजूद थी, जिससे पूरा माहौल देशभक्ति से भर गया। यह रैली विभिन्न इलाकों से होते हुए कालीतल्ला में जाकर समाप्त हुई। समारोह के दौरान क्लब द्वारा 75 साल व इससे उपर की आयु वाले कई बुर्जुगों को सम्मानित भी किया गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### आडवाणी विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचे

**कारलो (आयरलैंड) :** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी (बिलियर्ड्स और स्नूकर) पंकज आडवाणी हमवतन ध्रुव सितवालाको हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने ढाई घंटे तक चले सेमीफाइनल में सितवाला को 1070-300 के बड़े अंतर से हराया। सितवाला ने 63 के ब्रेक के साथ शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन उसके बाद आडवाणी ने बढत कायम कर उन्हें वापसी का कोई मौका नहीं दिया। कई बार के विश्व चैम्पियन आडवाणी के सामने खिताबी मुकाबले में भारत के ही सौरव कोठारी और इंग्लैंड के डेविड कौजियर के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी। आडवाणी का लक्ष्य अपना विश्व खिताब बचाने के साथ 2016 से विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में एक दशक तक अपराजित रहने का रिकॉर्ड बनाना भी है।

### एमसीए ने वानखेड़े स्टेडियम के स्टैंड का नाम रोहित शर्मा, अजीत वाडेकर और शरद पवार के नाम पर रखा

**मुंबई:** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने मंगलवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में मौजूदा भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान अजीत वाडेकर और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर एक-एक स्टैंड (दर्शक दीर्घा या पवेलियन) का नाम रखा। स्टैंड के नाम रखने का फैसला एमसीए की वार्षिक आम बैठक के दौरान लिया गया। पारित प्रस्ताव के अनुसार, दिवेचा पवेलियन के तीसरे तल्ले को अब रोहित शर्मा स्टैंड के नाम से जाना जाएगा, ग्रैंड स्टैंड के तीसरे तल्ले का नाम पूर्व आईसीसी चेयरमैन पवार के नाम पर रखा जाएगा और ग्रैंड स्टैंड चौथे तल्ले का नाम वाडेकर के नाम पर रखा जाएगा। वाडेकर ने 1966 से 1974 तक 37 टेस्ट और दो वनडे खेले हैं। उन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड में भारत को श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत दिलाई। अगस्त 2018 में 77 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

# पंजाब किंग्स ने रोमांचक मैच में केकेआर को 16 रनों से हराया

### चहल ने झटके चार विकेट





**मुल्लांपुर :** स्पिनर युजवेंद्र चहल की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइटडर्स (केकेआर) को 16 रनों से हराया। पंजाब ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.3 ओवर में 111 रन बनाए। जवाब में केकेआर की पूरी टीम 15.1 ओवर में 95 रन पर ऑलआउट हो गई। पंजाब के लिए चहल ने चार ओवर में 28 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि तेज गेंदबाज मार्को यानसेन ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए और टीम को अभूतपूर्व जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। पंजाब ने इस तरह आईपीएल इतिहास का सबसे कम स्कोर का बचाव किया है। लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी भी समय केकेआर की स्थिति अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में विकेट गंवाए। हालांकि, कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे अंगकृष रघुवंशी के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी की, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही केकेआर की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। अंत में आंद्रे रसेल ने जरूर कुछ बड़े शॉट खेलकर टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरने के कारण वह अपनी इस कोशिश में सफल नहीं हुए। केकेआर के लिए रघुवंशी ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए, जबकि रहाणे ने 17 और रसेल ने 17 रन बनाए। इन तीन बल्लेबाजों के अलावा केकेआर का कोई बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच सका, जबकि उसके तीन बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके।

### राहुल इस आईपीएल में अब तक के सबसे बेहतरीन विकेटकीपर-बल्लेबाज रहे हैं: मार्क बाउचर

**नयी दिल्ली:** दक्षिण अफ्रीका और मुंबई इंडियंस के पूर्व मुख्य कोच मार्क बाउचर का मानना है कि केएल राहुल इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे बेहतरीन विकेटकीपर-बल्लेबाज रहे हैं और राष्ट्रीय टी20 टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं। राहुल मौजूदा समय में भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं है। उन्होंने अपनी नयी फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए चार मैचों में 66.66 की शानदार औसत और 163.93 की स्ट्राइक रेट से 200 रन बनाए हैं। 'जियोस्टार' के विशेषज्ञ बाउचर ने मंगलवार को यहां मीडिया से बातचीत में कहा,'अगर आप आईपीएल को देखें तो एक खिलाड़ी जिसने विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी में अच्छा किया है, वह हैं लोकेश राहुल। मैं यहां एमएस धोनी की बात नहीं कर रहा हूं क्योंकि हम भविष्य की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा,'उन्होंने कुछ शानदार पारियां खेली हैं। उन्होंने एक मैच के बाद कुछ ऐसा कहा था जिससे मैं भी सहमत हूं।

## लार के इस्तेमाल और दूसरी गेंद के नियम से गेंदबाजों को मदद मिली: मोहित शर्मा



**नयी दिल्ली:** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा का मानना है कि गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल की दोबारा स्वीकृति देने और दूसरी पारी में गेंद बदलने के विकल्प ने इस साल के आईपीएल में गेंदबाजों को राहत दी है। आईपीएल 2025 से पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने लार के इस्तेमाल पर लंबे समय से लगे प्रतिबंध को हटा दिया था। इस प्रतिबंध को पहली बार कोविड-19 महामारी के दौरान लगाया गया था। इसके अलावा 'दूसरी गेंद का नियम' भी पेश किया। इससे टीमों को शाम के मैच की दूसरी पारी में 10वें ओवर के बाद गेंद को बदलने और पहले इस्तेमाल की गई गेंद को चुनने की अनुमति मिल गई जिससे कि ओस के प्रभाव से निपटा जा सके। मोहित ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हां, यह (गेंद बदलना) शत प्रतिशत मददगार है। हमने पिछले मैच में यह देखा था। पहली पारी में 12 ओवर के बाद गेंद गीली होने लगी और फिर दूसरी पारी में जब 13वां या 14वां ओवर कर्ण ने फेंका तो काफी ओस थी और गेंद स्पिन हुई।' मोहित ने कहा कि बदली हुई सख्त गेंद शुरू में तो अंतर पैदा करती है लेकिन कुछ ओवर के बाद उसका असर खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा, 'सख्त गेंद निश्चित रूप से थोड़ा अंतर पैदा करती है लेकिन समय के साथ, जब यह 15वें या 16वें ओवर में पहुंचती है तो गेंद की स्थिति पहले जैसी ही हो जाती है।''इस 36 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर टीमें ओस का सटीक अनुमान लगा पाएं तो उन्हें फायदा मिल सकता है।लार के इस्तेमाल पर मोहित ने कहा, 'लार के इस्तेमाल ने शत प्रतिशत अंतर पैदा किया है। आप देखेंगे कि 70 प्रतिशत मुकाबलों में गेंद अंदर की ओर आ रही है।

## अपने मैदान पर जीत का स्वाद चखने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स




**नयी दिल्ली:** सत्र की शानदार शुरूआत के बाद अपने मैदान पर पहली हार झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स इस झटके को भुलाकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में फिर जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। लगातार चार मैच जीतने के बाद अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली टीम को रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस ने हराया। इस हार के बाद दिल्ली शीर्ष स्थान से खिसककर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स छह में से सिर्फ दो मैच जीतकर आठवें स्थान पर है। संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली के लिये घरेलू क्रिकेट के दिग्गज करूण नायर ने पदार्पण करते हुए 40 गेंद में 89 रन बनाये। एक समय दिल्ली का स्कोर 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन था लेकिन इसके बाद 74 रन के भीतर आखिरी नौ विकेट गंवा दिये। उसके तीन बल्लेबाज 19वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर रन आउट हुए और 12 रन से पराजय का सामना करना पड़ा। दिल्ली के पास इस हार का दुख मनाने का समय नहीं था क्योंकि दो दिन के भीतर ही उसे रॉयल्स के खिलाफ कल खेलना है। दिल्ली के लिये एक बार फिर सफलता की कुंजी स्पिनर साबित हो सकते हैं। पिछले मैच में हार के बावजूद कुलदीप यादव और 20 वर्ष के विपराज निगम ने शानदार प्रदर्शन किया। अक्षर हालांकि उतना प्रभावित नहीं कर सके हैं और छह मैचों में 14 ओवर डालकर भी उन्हें विकेट नहीं मिली है। इसके अलावा उन्होंने 10 से अधिक की दर से प्रति ओवर रन दिये हैं। बल्लेबाजी में भी वह छाप नहीं छोड़ पाये हैं। पिछले सत्र में आक्रामक प्रदर्शन करने वाले जैक फ्रेसर मैकगुर्क लय में नहीं हैं और अभी तक सिर्फ 46 रन बना पाये हैं। फाफ डु प्लेसी चोट के कारण बाहर है और नायर की जगह टीम में पक्की लग रही है। मध्यक्रम में केएल राहुल ने दारोमदार संभाल रखा है। उनका साथ देने के लिये ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा और निगम हैं। दूसरी ओर रॉयल्स की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। यशस्वी जायसवाल सिर्फ पिछले मैच में आरसीबी के खिलाफ अर्धशतक बना सके हैं।

## न्यूज अपडेट

### मीराबाई भारतीय भारोत्तोलन संघ के खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष बनीं



**नयी दिल्ली:** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू को मंगलवार को भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के खिलाड़ी आयोग का अध्यक्ष चुना गया। चानू ने अपनी नियुक्ति को 'साथी भारोत्त-ोलकों की आवाज को बुलंद करने' का अवसर बताया। ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय भारोत्तोलक चानू ने विज्ञप्ति में कहा, ''साथी भारोत्त-ोलकों की आवाज का प्रतिनिधित्व करने और उसे बुलंद करने का अवसर मेरे लिए बहुत गर्व की बात है।'चानू ने कहा, 'मैं इस भूमिका के साथ आने वाली जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेने का संकल्प लेती हूं। मैं सभी प्रमुख मंच पर खिलाड़ियों की आवाज और दृष्टिकोण को फैलाने की दिशा में काम करूंगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम बाहरी कारकों से विचलित हुए बिना खेल पर ध्यान केंद्रित करना जारी रख सकें।'

### श्रेयस अय्यर बने आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी




**दुबई:** भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कलात्मक बल्लेबाज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को मार्च महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक 243 रन बनाए थे। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ा।अय्यर ने आईसीसी विज्ञप्ति में कहा, 'मार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा अपनी यादों में संजो कर रखूंगा।'उन्होंने कहा, 'प्रत्येक क्रिकेटर का सपना होता है कि वह इतनी बड़ी प्रतियोगिता में भारत की जीत में योगदान दे। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। प्रशंसकों को भी दिल से धन्यवाद। आपकी ऊर्जा और प्रोत्साहन हमें हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करते हैं।'

### बांग्लादेश के सीमित ओवरों के दौरे पर मीरपुर में चार, चटगांव में दो मैच खेलेगा भारत

**ढाका:** भारत अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में चार और चटगांव में दो मैच खेलेगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को यह घोषणा की। बांग्लादेश दौरे पर भारत तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलेगा। यह बांग्लादेश में भारत की पहली टी20 द्विपक्षीय श्रृंखला और 2014 के बाद सिर्फ सीमित ओवरों का पहला दौरा होगा। शुआती दो एकदिवसीय और आखिरी दो टी20 मीरपुर में खेले जाएंगे जबकि तीसरा एकदिवसीय और पहला टी20 चटगांव में होगा। भारत को 13 अगस्त को ढाका पहुंचना है। शुरुआती दो एकदिवसीय 17 और 20 अगस्त को खेले जाएंगे जिसके बाद टीम 23 अगस्त को तीसरा एकदिवसीय खेलने के लिए चटगांव जाएगी। चटगांव में ही पहला टी20 26 अगस्त को होगा। आखिरी दो टी20 29 और 31 अगस्त को मीरपुर में खेले जाएंगे।यह दौरा एशिया कप टी20 की तैयारी में भी मदद करेगा। भारत इस टूर्नामेंट का मेजबान है लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह प्रतियोगिता पूरी तरह से श्रीलंका, बांग्लादेश या यूएई में आयोजित की जाएगी या नहीं क्योंकि दोनों देशों के बीच हुए समझौते के अनुसार पाकिस्तान भारत की यात्रा नहीं करेगा। बीसीबी के मुख्य कार्यकारी निजामुद्दीन चौधरी ने 'ईएस-पीएनक्रिकइंफो' से कहा, ''यह श्रृंखला हमारे घरेलू कैलेंडर में सबसे रोमांचक प्रतियोगिता में से एक होगी।''



### अमेरिकी शुल्क से निपटने के लिए भारत बेहतर स्थिति में: आईटीसी चेयरमैन पुरी



**नयी दिल्ली :** आईटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी ने कहा है कि अमेरिकी शुल्क से उत्पन्न बाधाओं से निपटने के लिए भारत बेहतर स्थिति में है। उन्होंने मंगलवार को कहा,'इसकी मुख्य वजह यह है कि भारत की अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत काफी तेजी से आगे बढ़ रही है और समझौते पर हस्ताक्षर की संभावना बन रही है।' अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत कई देशों पर जवाबी शुल्क की घोषणा की है। हालांकि, चीन के अलावा बाकी देशों पर इसे तीन महीने के लिए टाल दिया गया है। अभी केवल चीन पर 145 प्रतिशत का शुल्क लागू है। हालांकि, अमेरिका को निर्यात पर 10 प्रतिशत का मूल शुल्क जारी रहेगा। अन्य जवाबी शुल्क अब नौ जुलाई से लागू होंगे। घरेलू उद्योग पर इन शुल्क के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा कि यह बताना मुश्किल है कि इसका क्या प्रभाव होगा, लेकिन भारत की स्थिति इस मामले में काफी बेहतर होगी। उन्होंने कहा, 'यह कहना मुश्किल है कि इसमें क्या बदलाव आएगा, लेकिन मेरा अपना मानना है कि अंत में भारत की स्थिति काफी बेहतर होगी। हम कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर की संभावना देख रहे हैं, जिनकी उद्योग जगत काफी समय से प्रतीक्षा कर रहा है।

### दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों की सूची में दिल्ली नौंवे स्थान पर

**नयी दिल्ली :** दिल्ली हवाई अड्डा 2024 में दुनिया के सबसे व्यस्त 10 हवाई अड्डों की सूची में नौंवे स्थान पर रहा। एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) वर्ल्ड द्वारा तैयार शीर्ष 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों की सूची में अमेरिका का हार्टफिल्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शीर्ष पर रहा, जिसने 2024 में 1,08,067,766 यात्रियों को संभाला। दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और अमेरिका का डलास फोर्ट वर्थ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा क्रमश : दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) नौवें स्थान पर है जिसने 2024 में 77,820,834 यात्रियों को संभाला। 2023 और 2019 की तुलना में हवाई अड्डे पर यात्रियों की संख्या में क्रमश : 7.8 प्रतिशत तथा 13.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। आईजीआईए 2023 में दुनिया का दसवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डे रहा था।

### दिल्ली सरकार ने ईवी नीति को तीन महीने बढ़ाया, बिजली सब्सिडी जारी रहेगी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने मंगलवार को अपनी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को तीन महीने के लिए बढ़ाने और राष्ट्रीय राजधानी में बिजली सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में चार श्रेणियों के लिए मौजूदा बिजली सब्सिडी जारी रखने को भी मंजूरी दी गई। ये चार श्रेणियां हैं- घरेलू उपभोक्ता, किसान, चैंबर वाले वकील और वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ित। बाद में दिल्ली सचिवालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि तिपहिया या किसी अन्य श्रेणी के वाहनों पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। उन्होंने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, सरकार अपने निवासियों के लिए कई चीजें करना चाहती है, और हम उन्हें संशोधित ईवी नीति में शामिल करेंगे।

## राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए निर्णय में तेजी लाने की जरूरत: गडकरी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को अधिकारियों से राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए शीघ्रता से निर्णय लेने को कहा। गडकरी ने वार्षिक राष्ट्रीय राजमार्ग उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए इस बात पर दु:ख जताया कि मंत्रालय तब तक फाइल आगे नहीं बढ़ाता जब तक कोई इसके लिए जोर से कुछ कहता नहीं। उन्होंने कहा,'जब तक कोई चिल्लाता नहीं, मंत्रालय में फाइल आगे नहीं बढ़ती... मंत्रालय के कम-से- कम दो प्रतिशत कर्मचारी जो समय पर निर्णय नहीं लेते, उन्हें सेवानिवृत्त कर दिया जाना चाहिए।' अपने बेबाक विचारों के लिए जाने जाने वाले मंत्री ने यह भी बताया कि मंत्रालय के अधिकारी ठेकेदारों की बैंक गारंटी वापस करने में करीब एक साल का समय ले रहे हैं। गडकरी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के करीब दो लाख मामले उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं। इसी कार्यक्रम में सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने संबंधित पक्षों, इंजीनियरों और श्रमिकों के प्रयासों की सराहना की जो आधुनिक तरीकों का उपयोग करके देश के राष्ट्रीय राजमार्ग बुनियादी ढांचे के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राजमार्ग सचिव वी उमाशंकर ने विभिन्न पक्षों के बीच सहयोग बढ़ाकर विश्वस्-तरीय राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क विकसित करने की आवश्यकता दोहराई और सभी से उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का आग्रह किया।

### प्रतिदिन 100 किलोमीटर राजमार्ग बनाने के लक्ष्य पर काम जारी: गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि भारत के लिए बुनियादी ढांचे का विकास बहुत महत्वपूर्ण है और उनका लक्ष्य देश में राजमार्ग निर्माण की गति को बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रतिदिन करना है। गडकरी ने एआईएमए के 10वें राष्ट्रीय नेतृत्व सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 18 महीनों में भारत का सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका से बेहतर होगा। उन्होंने कहा, 'भारत के लिए बुनियादी ढांचे के विकास का बहुत महत्व है... मैं देश में राजमार्ग निर्माण की गति को बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रतिदिन करने के लिए काम कर रहा हूं।' सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि राजमार्ग मंत्रालय आने वाले वर्षों में कुल 25,000 किलोमीटर के दो और चार लेन वाले राजमार्ग बनाएगा। गडकरी ने कहा, 'राजमार्ग परियोजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है।' देश में राजमार्ग निर्माण की गति 2020-21 में प्रतिदिन 37 किलोमीटर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। मंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली को बदलने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम कर रही है।

## इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर शुल्क में छूट की घोषणा से सेंसेक्स 1,578 अंक चढा, निफ्टी 500 अंक मजबूत



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में जोरदार तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 1,578 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी 500 अंक के लाभ में रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कुछ इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर शुल्क में छूट दिये जाने और वाहनों पर शुल्क की समीक्षा के संकेत के बाद वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच स्थानीय बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए। ट्रंप के दो अप्रैल को जवाबी शुल्क की घोषणा के बाद बाजार में जो तेज गिरावट आई थी, दोनों सूचकांक उससे उबर गये हैं। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,577.63 यानी 2.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,734.89 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,750.37 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 500 अंक यानी 2.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,328.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 539.8 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई के सभी खंडवार सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई रियल्टी, वाहन, पूंजीगत सामान और औद्योगिक खंडों में पांच प्रतिशत तक की तेजी रही। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक सर्वाधिक 6.84 प्रतिशत लाभ में रहा। टाटा मोटर्स 4.50 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचसीएल टेक भी लाभ में रहे। केवल दो कंपनियों... आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर नुकसान में रहे। ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह वाहन उद्योग को शुल्क से अस्थायी तौर पर छूट दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह अस्थायी तौर पर स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर शुल्क से छूट दे रहे हैं। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'जवाबी शुल्क के मामले में अचानक से मिली राहत से बाजार में तेजी आई है। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर छूट से यह तेजी मंगलवार को जारी रही। शुल्क से राहत की उम्मीद में वाहन शेयर लाभ में रहे। वहीं जमा दरों में कमी से बैंक शेयरों में तेजी रही।'

## न्यूज अपडेट

### सोना 96,450 रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर, चांदी 2,500 रुपये चढ़ी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमत 50 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 50 रुपये गिरकर 96,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 50 रुपये बढ़कर 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 95,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इस बीच, ताजा औद्योगिक मांग के कारण चांदी की कीमत 2,500 रुपये बढ़कर 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। सोमवार को चांदी 500 रुपये की गिरावट के साथ 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 13.67 डॉलर या 0.43 प्रतिशत बढ़कर 3,224.60 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

### रुपया 30 पैसे बढ़कर 85.80 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** शेयर बाजारों में तेज उछाल और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच डॉलर में कमजोरी के रुख के बीच मंगलवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में लगातार दूसरे सत्र में तेजी रही और यह 30 पैसे बढ़कर 85.80 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, अनुकूल घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी कोषों के ताजा प्रवाह से भी रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया निचले स्तर 85.85 प्रति डॉलर पर खुला और दिन के कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.59 प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर को छू गया। सत्र के अंत में रुपया 85.80 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 30 पैसे की बढ़त है।

### भारत का रत्न, आभूषण निर्यात बीते वित्त वर्ष में 11.72 प्रतिशत घटकर 28.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** भू-राजनीतिक तनाव जारी रहने के कारण भारत का कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात बीते वित्त वर्ष (2024-25) में 11.72 प्रतिशत घटकर 28.5 अरब डॉलर (करीब 2.41 लाख करोड़ रुपये) रहा है। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। वित्त वर्ष 2023-24 में कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात 32.2 अरब डॉलर (2.67 लाख करोड़ रुपये) रहा था। हालांकि, मार्च में निर्यात में थोड़ा सुधार हुआ और यह 1.02 प्रतिशत बढ़कर 258.30 करोड़ डॉलर (22,340.89 करोड़ रुपये) हो गया, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 255.70 करोड़ डॉलर (21,228.71 करोड़ रुपये) था। जीजेईपीसी के चेयरमैन किरीट भंसाली ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'रत्न एवं आभूषण निर्यात में गिरावट मुख्य रूप से चीन और भारत के प्रमुख निर्यात बाजारों अमेरिका की में मांग में लगातार कमी के कारण है। मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के कारण ऐसा हुआ है। साथ ही, कच्चे हीरे की कीमतों में 10-15 प्रतिशत की गिरावट के कारण मूल्य प्रभावित हुआ, जिससे निर्यात में कुल गिरावट आई।'

### इंडिगो ने दिल्ली हवाई अड्डे पर 125 से अधिक दैनिक उड़ानों को टी2 से टी1 पर स्थानांतरित किया

**नयी दिल्ली :** इंडिगो ने मंगलवार को 125 से अधिक दैनिक उड़ानों को टर्मिनल-2 से टर्मिनल-1 पर स्थानांतरित कर दिया। जिससे टी-1 से उड़ान भरने वाली कुल उड़ानों की संख्या प्रतिदिन 200 से अधिक हो गई है। टी-2 को रखरखाव कार्यों के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इंडिगो ने मंगलवार को बयान में कहा कि स्थानांतरण प्रयास के परिणामस्वरूप टी-1 पर इसका यात्री यातायात समेकित हो गया है, जो 15,000 से बढ़कर 40,000 यात्रियों और उड़ानों का परिचालन 75 से ज्यादा से बढ़कर 200 हो गया है।

वर्ष 10, पूर्णांक 4208 अंक 018, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in